तापमान
अधिकतम 32.3 डिग्री
न्यूनतम 24.1 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 27 अगस्त 2025

# शराब घोटाले में ईओडब्ल्यू ने 8000 पन्नों का पेश किया एक और पूरक चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो रायपुर (ईओडब्ल्यू) ने मंगलवार को विशेष कोर्ट में आठ हजार पन्नों का 6वां पूरक चालान पेश किया। इस चालान में बताया गया है कि जेल में बंद ब्रेवरेज कंपनी से जुड़े विजय कुमार भाटिया के साथ सप्लायर कंपनियों से जुड़े संजय मिश्रा, मनीष मिश्रा एवं अभिषेक सिंह ने कमीशन के रूप में करोड़ों रुपए कमाए हैं। इनमें 14 करोड़ रुपए विजय भाटिया को मिले हैं, वहीं संजय, मनीष एवं अभिषेक को 11 करोड़ रुपए मिले हैं। ▶▶|शेष पेज 13 पर

अलग खबर

## नेक्सजेन पॉवर इंजिटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के संजय, मनीष एवं अभिषेक को मिले 11 करोड़

### सिंडिकेट बनाकर कमीशनखोरी का हुआ था खेल

ईओडब्ल्यू ने विशेष न्यायालय रायपुर में चालान शीट पेश किया। इस चालान शीट में ईओडब्ल्यू ने उल्लेख किया है कि उनकी जांच विदेशी शराब पर लिए गए कमीशन पर आधारित है। इससे पूर्व जांच में ईओडब्ल्यू ने चालान शीट में उल्लेख किया था कि घोटाला करने आबकारी विभाग में एक सिंडिकेट सक्रिय था, जिसमें प्रशासनिक ▶▶|शेष पेज 13 पर

■ विजय भाटिया को कमीशन के रूप में 14 करोड़ रुपए मिले



### 10 प्रतिशत मार्जिन लाभ का दो हिस्सों में होता था बंटवारा, 3 कंपनियों को तीन साल तक दिया टेंडर

चालान शीट में यह भी बताया गया है कि वर्ष 2020-21 से पहले विदेशी शराब सप्लायरों से आबकारी विभाग का ब्रेवरेज कॉर्पोरेशन शराब खरीदकर उसमें शुल्क/ड्यूटी जोड़कर छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन की शासकीय शराब दुकानों के माध्यम से शराब की फुटकर बिक्री कर लाभ अर्जित करता था, जो शासकीय खजाने में जमा होता था, लेकिन नई आबकारी नीति के तहत खरीदार की भूमिका में ब्रेवरेज कॉर्पोरेशन को किनारे कर तीन प्राइवेट कंपनियों को एफएल-10ए का ▶▶|शेष पेज 13 पर

### 40 प्रतिशत हिस्से में 52 प्रतिशत हिस्सा भाटिया को मिलता था

ईओडब्ल्यू ने चालान में खुलासा किया है कि तीनों कंपनियां ओम सांई ब्रेवरेज प्रालि. अतुल सिंह और मुकेश मनचंदा की थीं, जिसमें राजनैतिक प्रेरित व्यक्ति विजय भाटिया को कंपनी में छुपा हुआ लाभार्थी बनाया गया था। कंपनी के लाभ का 60 प्रतिशत हिस्सा सिंडीकेट को दिये जाने के बाद शेष 40 प्रतिशत हिस्से में से 52 प्रतिशत हिस्सा विजय भाटिया का होता था। विजय भाटिया ने अपनी जगह पर कुछ अन्य लोगों को कंपनी में डमी डायरेक्टर बनाया और कंपनी से वेतन के रूप में तथा 16 से अधिक खातों में कंपनी से अपने लाभ के हिस्से को प्राप्त किया। इस तरह भाटिया ने इस व्यवस्था के तौर पर 14 करोड़ रुपए प्राप्त किए थे।

### संजय, मनीष एवं अरविंद को मिले थे 11 करोड़

ईओडब्ल्यू की जांच के अनुसार जिन तीन कंपनियों को लाइसेंस दिया गया था, उनमें एक अन्य कंपनी नेक्सजेन पॉवर इंजिटेक प्रा.लि. है। इस कंपनी का वास्तविक स्वामी संजय मिश्रा था जो चार्टर्ड एकाउंटेट होने के साथ शासकीय शराब दुकानों के ऑडिट के कार्य से जुड़ा था तथा सिंडिकेट अनवर ढेबर एवं अन्य लोगों को इस घोटाला में अवैध तरीके से धन को बैंकिंग चैनल के माध्यम से वैध दिखाने तथा इन्वेस्टमेंट में तकनीकी सलाहकार के रूप में मदद करता था। इस कंपनी में संजय मिश्रा ने अपने छोटे भाई मनीष मिश्रा को डायरेक्टर के रूप में जगह दी थी। इस कंपनी ने तीन साल तक सिंडिकेट को उसका हिस्सा देने के बाद लगभग 11 करोड़ रुपए प्राप्त किए हैं।

## खबर संक्षेप

### सूने मकान में धावा 70 हजार की चोरी

**रायपुर।** डीडीनगर थाना क्षेत्र स्थित सत्यम विहार कॉलोनी में एक सूने मकान में चोरी हो गई। घटना की रिपोर्ट प्रार्थिया निशा ठाकुर ने दर्ज कराई है कि कोई अज्ञात चोर उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर पार कर गया। चोरी गए जेवर की कीमत 70 हजार रुपए है। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज किया है।

### घर के सामने खड़ी ई-रिक्शा ले भागा चोर

**रायपुर।** ई-रिक्शा चोरी के मामले में गुढ़ियारी पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थी खेमलाल साहू निवासी भरत नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने अपनी ई-रिक्शा क्रमांक सीजी-04 क्यूबी-3361 घर के बाहर खड़ी की थी। रात में कोई उसे चोरी कर ले गया। रिक्शा की कीमत 1 लाख 40 हजार रुपए है। पुलिस ने मामले में बीएनएस 303-2 के तहत अपराध दर्ज किया है।

मोवा क्षेत्र की घटना, बच्चे के हाथ, गाल और पीठ वाले हिस्से को नोचा

# पिता के साथ बाजार जा रहे मासूम पर आवारा कुत्ते का हमला, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


मोवा थाने के पास रहने वाले रामेश्वर यादव अपने 5 साल के बच्चे के साथ मंगलवार सुबह बाजार जा रहे थे, इस दौरान तेजी से एक आवारा कुत्ते ने बच्चे पर हमला कर उसे नोच डाला। बदहवास पिता ने किसी तरह खूंखार कुत्ते से अपने बच्चे को छुड़ाया। इस बीच आवारा कुत्ते ने बालक विवेक यादव के हाथ, गाल और पीठ वाले हिस्से को नोच खाया। दर्द से बेहाल मासूम को उसके पिता ने जिला अस्पताल ले जाकर तुरंत इंजेक्शन लगवाया। इस घटना से आसपास के रहवासी परेशान हैं। गंभीर रूप से घायल बालक को उपचार के बाद घर लाया गया। यदि समय पर बच्चे के अभिभावक मौजूद ▶▶|शेष पेज 13 पर



## बदहवास पिता ने बच्चे की कुत्ते से बचाई जान जिला अस्पताल ले जाकर लगवाया इंजेक्शन

### निगम का डॉग शेल्टर ढाई साल में भी शुरू नहीं

रायपुर नगर निगम ने सोनडोंगरी में आवारा कुत्तों की सर्जरी और बीमार तथा कमजोर कुत्तों की देखभाल के लिए डॉग शेल्टर का निर्माण करवाया है। ढाई साल बाद भी नगर निगम का डॉग शेल्टर अब तक शुरू नहीं हो पाया, जबकि डॉग शेल्टर के संचालन के लिए एजेंसी 6 माह पहले ही तय हो गई है। अब तक इस शेल्टर के लिए न तो पशु चिकित्सक ▶▶|शेष पेज 13 पर



■ निगम का डॉग शेल्टर होम अब तक शुरू नहीं

### जिले में 7 माह में 9 हजार डाग बाइट के शिकार

पिछले सात महीने में रायपुर जिले में 9000 लोग हुए डॉग बाइट के शिकार हुए जबकि नसबंदी केवल तीन हजार कुत्तों की की गई। आवारा कुत्तों की संख्या कम करने और रैबीज के दुष्प्रभाव को रोकने का अभियान केवल सरकारी अस्पतालों मौजूद एंटी रैबीज वैक्सीन के भरोसे रह गया है। आंकड़े चौकानें वाले है कि केवल रायपुर जिले में पिछले सात महीने में 9000 लोगों को कुत्ते ने काटा है। वहीं नगर-निगम द्वारा चलाए जा रहे एनिमल बर्थ कंट्रोल अभियान के तहत इस अवधि में ▶▶|शेष पेज 13 पर

# कार से बाइक टकराई, छात्र को हॉकी से बेदम पीटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में एक कार चालक ने स्कूल छात्र की मामूली बात पर हॉकी से बेदम पीटाई कर दी, जिससे उसके शरीर पर कई जगह चोटें आई हैं। यह घटना तेलीबांधा क्षेत्र अंतर्गत बेबीलॉन कैपिटल के पास की है। घटना के बाद छात्र के परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में कार चालक के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

थाना प्रभारी ने बताया कि दोपहर करीब ढाई बजे ऋषभ शाह जो कक्षा 12वीं का छात्र है, अपने दोपहिया वाहन से शंकरनगर की ओर जा रहा था। जैसे ही वह बेबीलोन कैपिटल के पास पहुंचा, तभी विपरीत दिशा से आ रही रेंज रोवर कार से ▶▶|शेष पेज 13 पर

## नामी कंपनी के नकली उत्पाद की बिक्री, इलेक्ट्रिकल शॉप संचालक गिरफ्तार

**रायपुर।** तेलीबांधा इलाके में नकली विद्युत उपकरण बेचने के मामले में पुलिस ने इलेक्ट्रिकल शॉप से नामी कंपनी के नकली इलेक्ट्रिक सामान बरामद किए हैं। इस मामले में दुकान संचालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में पेनासोनिक लाइफ सॉल्यूशन इंडिया प्रा. लि. के मैनेजर और टीम लीडर ने पुलिस को लिखित शिकायत दी थी कि तेलीबांधा स्थित सुंदरानी इलेक्ट्रिकल में एंकर कंपनी के नाम पर



नकली उत्पाद बेचे जा रहे हैं। पुलिस ने कंपनी की टीम और स्टाफ को साथ लेकर दुकान पर दबिश दी। जांच के दौरान जब कंपनी की टीम ने दुकान संचालक ओमप्रकाश सुंदरानी से एंकर कंपनी के इलेक्ट्रिक उत्पाद पेश करने को कहा तो उसने दुकान में रखे कई सामान दिखाए। कंपनी के विशेषज्ञों ने जब उन सामग्रियों की जांच की तो वे नकली पाए गए। मौके पर ही गवाहों के समक्ष बरामदगी पंचनामा तैयार किया गया।




### शिक्षिका के बैग से 96 हजार के जेवर पार

**रायपुर।** एक शिक्षिका उठाईगिरी की शिकार हो गई। जानकी साहू सुकमा के मुतोंडा हाईस्कूल में शिक्षिका हैं। वे अपना इलाज कराने रायपुर आई थीं। वे अपनी बेटी नताशा साहू के साथ ऑटो में बैठकर गोलबाजार सामान खरीदने के लिए गईं। सामान खरीदकर वे वापस ऑटो से कालीबाड़ी चौक पहुंचीं और यहां से पचपेड़ी नाका जाने के लिए वे दूसरी ऑटो में बैठीं। इस ऑटो में अन्य तीन महिलाएं भी बैठीं। पचपेड़ानाका में उतरने के बाद जब उसने अपना हैण्डबैग चेक किया तो उसमें रखा ज्वेलरी डिब्बा गायब मिला। डिब्बे में 27.560 ग्राम की एक पुरानी सोने की चेन, एक सोने का लॉकेट वजन 8.660 ग्राम, एक जोड़ी सोने की कान की बाली लगभग 6 ग्राम रखी थी। गहनों की कुल कीमत लगभग 96 हजार रुपए है। पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है।

### ताला तोड़कर दुकान से 1.40 लाख कैश पार

**रायपुर।** देवेंद्र नगर पुलिस ने दुकान में चोरी के मामले में अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी महेश गुरनानी निवासी कवितानगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी सिटी सेंटर मॉल के पीछे दुकान है। दुकान 23 अगस्त की रात 9 बजे लेकर से 25 अगस्त की सुबह 11 बजे तक बंद थी। इसी दौरान अज्ञात चोर उसकी दुकान में लगा ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर काउंटर के दराज में रखे एक लाख 40 हजार रुपए चोरी कर ले गया। पुलिस ने मामले में बीएनएस 331-4, 305 के तहत अपराध दर्ज किया है।



# गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं...

वक्रतुंड महाकाय, सूर्यकोटि समप्रभा
निर्विघ्नं कुरू मे देव, सर्वकार्येषु सर्वदा।











# गणपती बप्पा मोरया

भारत के सबसे बड़े त्योहारों में से एक माना जाता है। गणेश चतुर्थी को गणेश उत्सव और विनायक चतुर्थी भी कहा जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार भाद्रपद मास में शुल्क पक्ष की चतुर्थी तिथि को भगवान श्री गणेश का जन्म हुआ। भगवान शिव और पर्वाती के पुत्र गणेश को ज्ञान, बुद्धि समृद्धि और सौभाग्य का देव कहा जाता है। गणेश चतुर्थी का पर्व वैसे तो पूरे भारत में मनाया जाता है, लेकिन महाराष्ट्र में गणेश उत्सव/गणेश चतुर्थी व्यापक रूप से मनाया जाता है। गणेश चतुर्थी का पर्व 11 दिनों तक मनाया जाता है, गणेश स्थापना से लेकर 10 दिनों तक भगवान गणेश जी को घर में रखते हैं और 11वें दिन गणेश विसर्जन करते हैं। गणेश उत्सव पर लोग एक दूसरे को गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं।

## गणेश उत्सव का महत्व

भगवान गणेश को सौभाग्य, समृद्धि और ज्ञान का देवता माना जाता है. ऐसे में गणेश पूजन से घर में सुख समृद्धि का वास होता है. मान्यता ये भी है कि गणेश उत्सव के 10 दिनों तक भगवान गणेश पृथ्वी पर ही रहते हैं और अपने भक्तों के कष्टों को दूर करते हैं. ऐसे में भक्त भी बप्पा को प्रसन्न करने के लिए हर जतन करते हैं. इस दिन सभी घरों में भगवान गणेश की प्रतिमा का भव्य स्वागत किया जाता है. साथ ही गणेश चतुर्थी का व्रत भी रखा जाता है. इस तिथि को व्रत रखने से व्रती को जीवन में सुख- समृद्धि और अनेक लाभ प्राप्त होते हैं

**गणेश उत्सव पर बप्पा पधारें आपके द्वार।**
**जीवन में आए खुशियों की बहार, जो भी हो कामना वो हो जाए पूरी।**
**आपके पूरे परिवार पर बनी रहे बप्पा की कृपा अपार।।**

## गणेश उत्सव की मंगलकामनाएं!






















## खबर संक्षेप



### आरंग में गणेशोत्सव की धूम, विराजेंगे विघ्नहर्ता

**आरंग।** नगर और आसपास के क्षेत्रों में गणेशोत्सव को लेकर भारी उत्साह का माहौल है। आज, विभिन्न गांवों और घरों में विघ्नहर्ता श्रीगणेश की प्रतिमाएं स्थापित की जा रही हैं। लोग ढोल-बाजे और डीजे की धुन पर नाचते-झूमते हुए गणेश प्रतिमाओं को पांडालों तक ला रहे हैं। इन प्रतिमाओं को आज विधि-विधान के साथ स्थापित किया जाएगा और अगले ग्यारह दिनों तक उनकी पूजा-अर्चना की जाएगी। छोटे बच्चे भी अपने-अपने घरों में छोटी-छोटी गणेश प्रतिमाएं स्थापित कर रहे हैं। यह पर्व न केवल बड़ों में, बल्कि बच्चों में भी भक्ति और उत्साह का संचार कर रहा है। पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल है, जो अगले ग्यारह दिनों तक जारी रहेगा।

### गुखेरा में हुआ सुशासन एक्सप्रेस शिविर



**आरंग।** सोमवार को जिला प्रशासन रायपुर के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत गुखेरा में सुशासन एक्सप्रेस शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों से प्राप्त आवेदनों को ऑनलाइन सूचीबद्ध करते हुए ऋण पुस्तिका, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम कार्ड, आय जाति मूल निवास प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड आदि बनाने की दिशा में कार्यवाही की गई एवं सरपंच रेवती पुरुषोत्तम सोनवानी, उपसरपंच गंगा घासीराम कुर्रे, पंचगण रेखराज देवांगन, डेविड ढीढी, रोहित बघेल सनथ बघेल, गोवर्धन मेहर दीनदयाल कुर्रे, कुशाल देवांगन, भोला यादव परशु रात्रे आदि एवं जल संसाधन विभाग से शिल्पा डे, कृषि विभाग से प्रमिला नाग, पटवारी जितेंद्र प्रताप सिंह साहू, परिवहन विभाग से रामचरण साहू, प्रधान पाठक अरविंद वैष्णव, ग्राम सचिव विश्वनाथ वर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सीमा करकेल एवं ओमेश्वरी देवांगन तथा ग्राम वासियों की सहभागिता रही।

## निधन

### रूप बाई बांधे

**सिलयारी।** मौहागांव निवासी 70 वर्षीय रूप बाई बांधे का सोमवार को निधन हो गया।



जिसका अंतिम संस्कार मंगलवार को मौहागांव के श्मशान घाट में किया गया। वे कुंदन बांधे, चंदन बांधे, जीवन बांधे, नरेन्द्र बांधे मां थी।

न्यायालय तहसीलदार तहसील धरसींवा
जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)
// ईश्तहार //
रा.मा.क्र. .......अ/6 अ वर्ष 2024-25
धरसींवा, दिनांक 14/08/2025
ग्राम सिलतरा प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. रायपुर-15 धरसींवा तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दुष्यंत कुमार साहू पिता स्व. संतराम साहू निवासी ग्राम चरौदा, तहसील धरसींवा, जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत 115-116 छ.ग.भू-राजस्व संहिता बाबत आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम सिलतरा प.ह.नं. 20 रा.नि.म. रायपुर-15 धरसींवा, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 645/13, 645/14, 645/15, 645/16, 645/17 कुल खसरा नंबर 05 कुल रकबा 0.6390 हे. भूमि सालिकराम वगैरह पिता संतराम वगैरह राजस्व अभिलेख में दर्ज है। जिसमें वगैरह के स्थान पर दुष्यंत पिता संतराम दर्ज होना था। आवेदक आवेदित भूमि के अभिलेख में सालिकराम, दुष्यंत कुमार पिता संतराम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख सुधार बाबत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 29/08/2025 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
धरसींवा

### डीजे संचालकों की बैठक में अफसरों ने दो टूक में कहा- सुप्रीम-हाईकोर्ट के आदेश का करना होगा पालन

# डीजे संचालकों को अफसरों की दो टूक, बजाया तो जब्ती के साथ करेंगे एक लाख का जुर्माना





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में इस बार गणेश उत्सव के दौरान गणेश पंडालों से लेकर गणेश झांकी विसर्जन में डीजे नहीं दिखेगा। अभी तक यह अटकले लगाई जा रही थीं कि प्रशासन की ओर से डीजे संचालकों को इस बार कुछ छूट मिल सकती हैं, लेकिन प्रशासनिक अफसरों ने मंगलवार को डीजे संचालकों के साथ की बैठक में इन अटकलों को न केवल विराम लगाया, बल्कि इस बार और ज्यादा सख्ती बरतने की बात कही है। जिला एवं पुलिस प्रशासन के अफसरों ने डीजे संचालकों को दो टूक कहा कि अगर डीजे बजाया, तो उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में डीजे जब्ती करने के साथ एक लाख रुपए तक जुर्माना भी वसूला जाएगा। अफसरों ने कहा कि अगर कार्रवाई से बचना है, तो सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेश का पालन करते हुए डीजे बजाने का इरादा छोड़ दें।

#### कैमरा फूटेज, वायरल फोटो-विडियो के आधार पर भी होगी कार्रवाई

अफसरों ने डीजे संचालकों से स्पष्ट करते हुए कहा कि ये नहीं सोचें कि सिर्फ शिकायत के आधार पर ही उनके विरुद्ध कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि शहर में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं और सोशल मीडिया का जमाना है। अगर डीजे की गाड़ी का फोटो या विडियो कैमरे में कैद हो जाता है, तो ठीक उसी प्रकार उसके विरुद्ध भी कार्रवाई होगी, जिस प्रकार एक रॉन्ग साइड में गाड़ी चलाने पर उसके मालिक को ई चालान भेजा जाता है। इसके साथ अगर कोई फोटो या विडियो वायरल करता है, तो इसे भी पुलिस स्वयं संज्ञान में लेकर कार्रवाई करेगी।

#### झांकियों में भी डीजे बैन पिछले वर्ष दर्जनभर डीजे संचालकों पर हुई थी कार्रवाई

*राजधानी में इस बार निकाली जाने वाली गणेश मूर्ति विसर्जन झांकियों में भी डीजे नहीं दिखेगा। अफसरों ने गणेश की मूर्ति स्थापित करने, पंडाल स्थलों से लेकर गणेश विसर्जन झांकियां निकालने के दौरान भी डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। यह व्यवस्था पिछले वर्ष भी की गई थी, लेकिन इसके बाद भी कई झांकियां डीजे के साथ निकाली गई थीं।*

#### झांकी रूट में प्रवेश नहीं कर पाएगी डीजेयुक्त झांकी, जब्त करेंगे

*एएसपी लखन पटले ने बताया कि इस बार गणेश झांकी विसर्जन के दौरान झांकी रूट में डीजेयुक्त झांकी को प्रवेश ही नहीं दिया जाएगा। इसके लिए चेक पाइंट लगाया जाएगा, ताकि कोई भी डीजे के साथ झांकी अंदर प्रवेश नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर डीजे को जब्ती भी बनाया जाएगा।*

## स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जयंती महोत्सव में रही मंत्रोच्चार की गूंज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बोरियाकला स्थित शंकराचार्य आश्रम में मंगलवार को जगद्गुरु शंकराचार्य ज्योतिष्पीठाधीश्वर एवं द्वारका शारदा पीठाधीश्वर स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज का जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। आश्रम के प्रभारी डॉ. स्वामी इंदुभवानंद तीर्थ की महाराज की अगवानी यह महोत्सव मनाया गया। सुबह बटुक ब्राम्हणों द्वारा भगवान शिव का रुद्राभिषेक, भगवती राजराजेश्वरी की श्रृंगार आरती के बाद दोपहर में भगवती राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी की सहस्त्र अर्चना एवं स्वरूप शतक से लड्डुओं का अर्चन किया गया। शंकराचार्य महाराज के सभी भक्तों ने मंत्रोच्चार की गूंज के बीच विभिन्न द्रव्यों से भगवती राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी का पूजन किया। इसके बाद आश्रम प्रभारी ने महाराज के जीवन प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए बताया कि द्वारका शारदा पीठाधीश्वर स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती का आविर्भाव मध्यप्रदेश के सिवनी जिले में 2024 को भाद्र शुक्ल तृतीया हरतालिका को हुआ था।

#### जीवनकाल में की सनातन धर्म की सेवा

सनातन धर्म के दो सर्वोच्च पदों पर रहते हुए जीवनकाल तक सनातन धर्म की सेवा की। ज्योतिष्पीठाधीश्वर के रूप में एवं द्वारका शारदापीठाधीश्वर के रूप में देशभर में धर्म की अलख जगाई। देश के विभिन्न शहरों में शंकराचार्य मठों की स्थापना की। सभी मठ सनातन धर्म की सेवा कर रहे हैं। दो पीठों का शंकराचार्य बने उत्तर भारत का प्रथम सौभाग्य है। इसके लिए हम लोगों को गर्व होना चाहिए। महोत्सव में विशेष रूप से एमएल पांडे, ज्ञानेश शर्मा, मयंका पांडे, अनिल पांडे, ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, आरडीए अध्यक्ष नंदकुमार साहू, सरपंच हिमाचल साहू, हीरालाल पांडे, भागीरथी पांडे, धुरंधर साहू, किशुन साहू, हनुमान तिवारी आदि शामिल हुए।

## विधायक गुरु खुशवंत साहेब के स्वागत की जोरदार तैयारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

आरंग के विधायक और नव-नियुक्त मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के बुधवार, 27 अगस्त को पहली बार तिल्दा नेवरा पहुँचने पर उनके स्वागत की जोरदार तैयारी की जा रही है। मंत्री गुरु खुशवंत साहेब शाम लगभग 4 बजे तिल्दा पहुँचेंगे। सबसे पहले, साईं मंदिर चौक के पास पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महेश अग्रवाल के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद, उनका तिल्दा नेवरा के कई अन्य स्थानों पर भी आतिशी स्वागत करने की योजना है। गुरु खुशवंत साहेब का तिल्दा नेवरा से गहरा लगाव रहा है। उनकी बहन लेमीच्छा गुरु डहरिया भी यहाँ की पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रह चुकी हैं, जिससे इस क्षेत्र में उनके समर्थकों की संख्या काफी अधिक है। स्वागत की तैयारियों में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महेश अग्रवाल, रमेश रिंकू अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, जीतू माधवानी, विकास कोटवानी, आदर्श अग्रवाल, पंकज यदु, धर्मेंद्र डहरिया, सौरभ जैन, गौरव अग्रवाल गोलू, दिलीप वर्मा और बड़ी संख्या में उनके समर्थक जुटे हुए हैं। उनके आगमन को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## एंजलीना राजस्थान में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में होंगी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

पीएम श्री शासकीय वीरांगना अवंती बाई लोधी प्राथमिक विद्यालय आरंग में सहायक शिक्षिका पर पदस्थ एंजलीना पीटर का चयन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र (सीसीआरटी) नई दिल्ली द्वारा राजस्थान के उदयपुर में 27 अगस्त से 10 सितंबर तक आयोजित होने वाले कार्यशाला में हुआ है।

इस कार्यशाला में प्रदेशभर के विभिन्न जिलों से 10 शिक्षकों का चयन हुआ है। एंजलीना पीटर रायपुर जिले से एकमात्र सहायक शिक्षक है, जिनका चयन राष्ट्रीय स्तर के कार्यशाला के लिए हुआ है। इस कार्यशाला में पूरे देशभर से आए शिक्षक अपने अपने राज्यों की संस्कृति और परंपराओं की प्रस्तुति भी देंगे। राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला में रायपुर जिले से एंजलीना पीटर, कवर्धा जिले से दिलेश्वरी देवांगन, उमेश कुमार ठाकुर कोरबा जिले से निशा अग्रवाल, धमतरी जिले से



मेनका सिन्हा, महासमुंद जिले से निलकंठ यादव, सरगुजा जिले से प्रिया सिंह, बेमेतरा जिले से अपर्णा शर्मा छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

पीएम श्री शासकीय वीरांगना अवंती बाई लोधी प्राथमिक विद्यालय आरंग की सहायक शिक्षिका एंजलीना पीटर के सीसीआरटी के प्रशिक्षण शिविर में चयन होने पर रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा ने इसे गौरवपूर्ण बताते हुए एंजलीना पीटर को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

## सच्चा वैष्णव हमेशा समाज को जोड़ने का कार्य करता है : स्वामी राजीव नयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

श्री दूधाधारी मठ सत्संग भवन रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा युवक युवती परिचय सम्मेलन, प्रतिभा सम्मान, जनप्रतिनिधि सम्मान, तीज मिलन समारोह का आयोजन किया गया। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त महाराज ने कहा कि समाज में सुमति बनाकर चलना चाहिए इससे समाज का उत्तरोत्तर विकास होता है। स्वामी राजीव नयन दास महाराज ने इस अवसर पर अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा कि उत्सव मनाए इसलिए जाते हैं कि उसमें समाज का हर वर्ग का व्यक्ति संकोच त्याग कर एक



दूसरे के मन की बात साझा कर सकें। जगतगुरु श्री स्वामी रामानंदाचार्य के कथन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि /"जाति पाति पूछे नहीं कोई। हरि को भजे सो हरि का होई/" तथा कहा कि सच्चा वैष्णव हमेशा समाज को जोड़ने का पुनीत कार्य करता है, लोगों को महन्त राधेश्याम दास महाराज सहित अनेक संत महात्माओं का आशीर्वचन प्राप्त हुआ। साथ ही श्री वैष्णव महासभा की प्रदेश अध्यक्ष अन्नपूर्णा वैष्णव, महासचिव राकेश दास, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र बैरागी, जिलाध्यक्ष संतोष वैष्णव सहित अनेक लोगों ने संबोधित किया। इस अवसर पर समाज के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं शुभ वैष्णव, सौम्या वैष्णव, अनिकेतन वैष्णव, नारायणी वैष्णव आदि तथा राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वैष्णव समाज के खिलाड़ियों कुराश जूडो में रोशनी वैष्णव, भारोत्तोलन में सुनील वैष्णव आदि को सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## सिलपट्टी और हथबंद में नहर का पानी न पहुंचने से फसलें बर्बाद होने की कगार पर

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा ब्लॉक के ग्राम पंचायत सिलपट्टी और उसके आश्रित गांव हथबंद के किसान नहर विभाग की लापरवाही से परेशान हैं। नहर से एक बूंद भी पानी नहीं मिलने के कारण, उनकी लगभग 2000 एकड़ की खरीफ फसल बर्बाद होने की कगार पर है। इस गंभीर समस्या को लेकर आज ग्राम पंचायत सिलपट्टी के सरपंच लोकेश कश्यप, उप-सरपंच ज्योति ढालेंद्र यादव और समस्त ग्रामीण नहर विभाग कार्यालय पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से मुलाकात की और अपनी नाराजगी व्यक्त की। ग्रामीणों ने साफ शब्दों में कहा कि जब तक उनके खेतों तक पानी नहीं पहुंचेगा, तब तक वे जल संसाधन विभाग के कार्यालय में डटे रहेंगे। इस



दौरान उन्होंने नहर विभाग हाय हाय और नहर विभाग मुर्दाबाद जैसे नारे भी लगाए। जल संसाधन विभाग, तिल्दा के अधिकारियों ने ग्रामीणों को जल्द ही पानी उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया, जिसके बाद ही वे शांत हुए और अपने गांव के लिए रवाना हुए। इस घटना से साफ है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## डीडी कालोनीवासियों ने किया कैबिनेट मंत्री का अभिनंदन

**आरंग।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्र. 52 आरंग के विधायक गुरू खुशवंत साहेब को कैबिनेट मंत्री कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, अनुसूचित जाति विकास बनाये जाने के उपरांत आरंग नगर में प्रथम आगमन पर कालोनी वासियों ने हर्ष व्यक्त करते



हुए शॉल, माला एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। साथ ही आरंग नगर एवं दीनदयाल कालोनी के उत्तरोत्तर विकास की कामना की। स्वागत के दौरान विकास समिति के अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर सहित मदन साहू, रोशन चंद्राकर, पंडित नरेन्द्र द्विवेदी, अशोक साहू, शंकर साहू, वैभव सोनी, साधना सिंह ठाकुर, पद्मनी साहू, स्वाति जायसवाल एवं गायत्री चंद्राकर सहित कालोनीवासी उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### शराब घोटाले में...

248 करोड़ रुपए का नुकसान : ईओडब्ल्यू ने चालान में इसका भी खुलासा किया है कि तीसरी कंपनी दिशिता वेंचर्स प्रा.लि. थी, जो शराब के पुराने प्रमोटर आशीष सौरभ केडिया की है। इस तरह इन कंपनियों को लाइसेंस दिए जाने से शासन को राजस्व के रूप में 248 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

### सिंडिकेट बनाकर कमीशनखोरी...

अधिकारी अनिल टूटेजा, अरुणपति त्रिपाठी, निरंजन दास के साथ अनवर ढेबर, विकास अग्रवाल, अरविंद सिंह आदि शामिल थे। इनके नियंत्रण में विभाग में कमीशनखोरी की अवैध गतिविधियां हो रही थीं।

### 10 प्रतिशत मार्जिन...

लाइसेंस दिया गया। जिन्हे लाइसेंस दिया गया वे सिंडीकेट के करीबी व राजनैतिक संरक्षण प्राप्त व्यक्ति थे। यह लाइसेंसी कंपनियां विदेशी शराब सप्लायरों से शराब की खरीदी कर उसमें 10 प्रतिशत का मार्जिन जोड़कर मार्केटिंग कॉर्पोरेशन को शराब बिक्री करती थीं। इस 10 प्रतिशत के मार्जिन लाभ का बंटवारा दो हिस्सो में होता था। तीन साल की अवधि में इन्हीं तीन कंपनियों को टेंडर दिया जाता रहा।

### पिता के साथ...

नहीं रहते, तो स्थिति और भयावह हो सकती थी। मामला नगर निगम जोन 9 के आंबेडकर वार्ड का है, जहां आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जबकि निगम प्रशासन इस ओर से आंखें मूंद हुए है। इस घटना से स्थानीय रहवासियों में आक्रोश की स्थिति है। दरअसल, आवारा कुत्तों को पकड़ने और उनकी सर्जरी कराने के मामले में निगम प्रशासन फेलवर साबित हो रहा है। नगर निगम का कुत्ता पकड़ो अभियान महज खानापूर्ति होकर रह गया है। राजधानी के मोवा क्षेत्र में मंगलवार सुबह रामेश्वर यादव के 5 वर्षीय पुत्र विवेक यादव पर बाजार जाते समय आवारा कुत्ते ने अचानक हमला कर दिया। बच्चे और उसके पालक कुछ समझ पाते, इससे पहले खूंखार कुत्ते ने मासूम को जगह-जगह काट गया। उसकी पीठ वाले हिस्से में गहरे जख्म हो गए हैं। इसके साथ ही हथेली वाले हिस्से को भी कुत्ते ने नोच खाया है। मासूम के गाल पर कुत्ते के काटने के निशान देखे जा सकते हैं। बच्चे के पिता रामेश्वर यादव ने बताया कि वे लटेरा गांव के रहने वाले हैं। रायपुर में मिस्त्री का काम करते हैं, इसलिए यहां मोवा थाने के पास किराये का मकान लेकर रहते हैं। मंगलवार सुबह वे अपने बेटे विवेक के साथ बाजार जा रहे थे, तभी अचानक एक खूंखार कुत्ते ने उनके बेटे पर हमला बोल दिया। इससे वे घबरा गए और बच्चे को किसी तरह उससे छुड़ाया, घटना के समय वहां और कोई नहीं था। उनका कहना है कि अनजान शहर में परिवार के साथ रहना अब सुरक्षित नहीं रह गया। बच्चे को लेकर वे जिला अस्पताल गए और रेबीज का टीका लगवाया। अस्पताल वालों ने 28 तारीख को दोबारा बच्चे को लेकर अस्पताल बुलाया है।

**ठेके पर कुत्तों की नसबंदी अरसे से बंद**

शहर में नगर निगम द्वारा पूर्व में एनीमल बर्थ कंट्रोल अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग ने निजी संस्था से अनुबंध कर आवारा कुत्तों की धरपकड़ और उसकी सर्जरी के लिए अनुबंध किया, पर कुछ समय तक यह कार्य जारी रहा, बाद में फंड की कमी का हवाला देकर यह व्यवस्था बंद कर दी गयी। वर्तमान में पशु विभाग से अधिकृत 2 पशु चिकित्सक की देखरेख में बैरनबाजार के पशु चिकित्सालय में आवारा कुत्तों की नसंबदी का कार्य हो रहा है, पर शहर में आवारा कुत्तों की संख्या को देखते हुए यह व्यस्था पर्याप्त नहीं कही जा सकती। यही वजह है कि रायपुर शहर में डाग बाइट की घटना तेजी से बढ़ी है।

### निगम का डॉग...

की व्यवस्था हो पाई, न ही आवश्यक दवा और मशीन उपलब्ध करा पाए। ऐसे में शहरवासियों को आवारा कुत्तों के खौफ से बचाने निगम प्रशासन फिसड्डी साबित हुआ है। शहरी सरकार इस मामले में पूरी तरह उदासीन है। नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग आवारा कुत्तों की सर्जरी के नाम पर बैरन बाजार स्थित पशु चिकित्सालय में केवल दो पशु चिकित्सकों के माध्यम से प्रतिदिन 10 से 12 कुत्तों की सर्जरी करवा पा रहा है, जबकि शहर में बड़ी संख्या में आवारा कुत्तों की भरमार है। इसे देखते हुए यह व्यवस्था नाकाफी है।

### जिले में 7 माह...

करीब तीन हजार कुत्तों की नसबंदी की गई है। नगरीय प्रशासन विभाग का अभियान केवल औपचारिकता बनकर रह गया है। सुप्रीम कोर्ट ने बीमार और आक्रामक कुत्तों को छोड़कर शेष को नसबंदी करने के बाद उसी इलाके में छोड़ने का फैसला दिया है जिस क्षेत्र से उन्हें उठाया गया है। रायपुर जिले में आवारा कुत्तों की नसबंदी का अभियान काफी समय से चल रहा है मगर कुत्तों की संख्या और डॉग बाइट की घटनाओं पर इसका कोई खास असर होता नहीं दिख रहा है।

### कार से बाइक...

उसका वाहन टकरा गया, जिससे कार को मामूली खरोंच आई। इस बात पर कार चालक राजेश पात्रे ने गुस्से में आकर ऋषभ पर अपने पास रखे हॉकी से ताबड़तोड़ हमला करना शुरू कर दिया और तब तक करता रहा, जब तक हॉकी टूट नहीं गई। इस हमले में ऋषभ के हाथ-पैर सहित अन्य जगहों पर चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि इस घटना में कार चालक की गलती थी, जो लापरवाही पूर्वक कार चला रहा था। इसके बाद भी उसने ऋषभ पर भड़ास निकालते हुए उसकी पिटाई कर दी।

## सूर्यवंश की कथा मन को पवित्र करती है : अभिराम दास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद





मंदिर हसौद में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन श्रीमद्जगदगुरु द्वाराचार्य अभिराम दास जी महाराज ने अपने प्रवचनों में

- कृष्ण और राम जन्मोत्सव की रही धूम

भगवान की कथा को साक्षात भगवत प्राप्ति का मार्ग बताया। आज की कथा में उन्होंने सूर्यवंश और चंद्रवंश के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सूर्यवंश की कथा मन को पवित्र करती है और इसके सिरमौर भगवान श्री राम हैं, जबकि चंद्रवंश के सिरमौर भगवान श्री कृष्ण हैं। कथा के दौरान, भगवान श्री कृष्ण और भगवान श्री राम का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया, जिसमें भक्तों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। महाराज ने भक्त अंबरीश की कथा सुनाते हुए समझाया कि एक गृहस्थ व्यक्ति भी अपने राजधर्म और गृहस्थ धर्म का पालन करते हुए भगवत प्राप्ति कर सकता है। उनकी कथा ने भक्तों को यह सीख दी कि सांसारिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए भी भगवान को प्राप्त किया जा सकता है।

#### नारी शक्ति और माता का महत्व

महाराज श्री ने नारी शक्ति पर भी सुंदर वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि नारी में पूरे ब्रह्मांड की शक्ति समाहित होती है, और वह अपनी पवित्रता व संयम से बड़ी से बड़ी समस्याओं का समाधान कर सकती है। उन्होंने उन माताओं की सराहना की, जिन्होंने अपने पुत्रों को देश और धर्म की सेवा के लिए समर्पित किया। उन्होंने कहा कि ऐसी माताओं के पुत्र सैनिक बनकर देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं और संत बनकर भू-लोक की। महाराज जी ने कहा कि ऐसी माताएँ धन्य हैं, और ऐसी धरती भी धन्य है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसे महान पुत्र तभी जन्म लेते हैं जब उनकी माता सुसंस्कृत हो, क्योंकि एक सुसंस्कृत माता ही अपनी संतान को समाज के लिए सही मार्ग पर चलना सिखाती है।

#### तुलसी में तीज उत्सव आज

**आरंग।** ग्राम तुलसी (बनरसी) में 27 अगस्त को भव्य तीज उत्सव 2025 का आयोजन जय बजरंग ग्रुप एवं नवयुवक साथीगण द्वारा किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि गिरधर जगतू राम साहू (सरपंच, ग्राम पंचायत तुलसी), अध्यक्षता टिकलेज मारकण्डे उपसरपंच, ग्राम पंचायत तुलसी, विशिष्ट अतिथि लुकेश कुमार साहू आदि शामिल होंगे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## चिकन दुकान सील

रायपुर। नगर निगम जोन 6 की टीम ने भाठागांव क्षेत्र में शराब भट्ठी के पास मोनू चिकन दुकान खुली मिलने पर उसे तत्काल सील कर दिया। साथ ही दुकान संचालक को दोबारा ऐसा कृत्य न करने की चेतावनी देकर 10 हजार रुपये जुर्माना किया। साथ ही प्राप्त जनशिकायत का जोन 6 के स्वास्थ्य विभाग ने स्थल पर निराकरण किया।


## निधन

### पं. वीरेंद्र तिवारी




रायपुर। कल्पतरू फेज-2 हाउस नंबर 12 अमलीडीह निवासी पं. वीरेंद्र तिवारी (77) का 26 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 27 अगस्त को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से न्यू राजेंद्र नगर श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे दीपक तिवारी के पिता थे।

### महेश कसार



रायपुर। कंकालीपारा निवासी महेश कसार का 26 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 27 अगस्त को सुबह 11 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे स्व. भैय्यालाल कसार के पुत्र, हर्षवर्धन कसार, मुकेश कसार के भाई थे।

### सूरज प्रसाद पांडेय



रायपुर। राजातालाब निवासी सूरज प्रसाद पांडेय का 26 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 27 अगस्त को दोपहर 1 बजे निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे जितेंद्र पांडेय के पिता थे।

### हरचरण सिंह सलूजा



रायपुर। फाफाडीह बस्तर बाड़ा निवासी सरदार हरचरण सिंह सलूजा (75) का 26 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 27 अगस्त को सुबह 10.30 बजे निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे कृपाल कौर सलूजा के पति, देवेंदर सिंह सलूजा एवं हरविंदर सिंह सलूजा के भाई एवं चरणजीत सलूजा के पिता थे।

### दीनदयाल साहू



रायपुर। ब्रह्मदेवपारा बस्ती कचना निवासी दीनदयाल साहू (78) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे संतोष, प्रकाश, पुनीत, गणेश व धनेश्वरी साहू के पिता, हरीशचंद्र और पत्रकार दिलीप साहू के मामा थे।

### द्वारकी देवी खत्री



रायपुर। गोकुल रीजेंसी श्याम नगर निवासी द्वारकी देवी खत्री का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 26 अगस्त को राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे जयरामदास, महेश, मनोज खत्री की माता थीं।

# चौबे के बयान से गरमाई कांग्रेसी राजनीति, अब मामला हाईकमान, अनुशासन समिति की बैठक तक पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की कांग्रेसी राजनीति में पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे के प्रदेश कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन संबंधी बयान को लेकर तेजी से राजनीति गरमा रही है। श्री चौबे के बयान से प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज खफा हैं, उन्होंने पूर्व मंत्री पर तंज कसते हुए उन्हें महाज्ञानी करार दिया है। यही नहीं, उनकी शिकायत पार्टी हाईकमान से भी की गई है। सूत्रों के अनुसार प्रदेश कांग्रेस इसे अनुशासनहीनता का रूप देकर मामला अनुशासन कमेटी में ले जाने की तैयारी में है।

### चौबे का यू टर्न

इधर बयान पर मामला गरमाने के बाद रविंद्र चौबे अब यू टर्न लेते दिख रहे हैं। उन्होंने दीपक बैज को अपना छोटा भाई बताया और बैज के नेतृत्व में कलेक्टिव लीडरशिप की बात कहते भी नजर आ रहे हैं। जो रविंद्र चौबे तीन दिन पहले भूपेश बघेल को कांग्रेस का नेतृत्व देने की बात कह रहे थे, वे अब नेतृत्व को लेकर किसी को भ्रम में न रहने की सलाह देते भी नजर आ रहे हैं। दूसरी ओर कांग्रेस के भीतरखाने मचे बवाल पर भाजपा को तंज कसने का अवसर मिल गया है। इस संबंध में उपमुख्यमंत्री अरुण साव का बयान एक दिन पहले ही सामने आया था।



### बैज के नेतृत्व पर सवाल

हालांकि कांग्रेस की राजनीति में यह पहला अवसर नहीं है जब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बैज के कार्यकाल, उनकी कार्यशैली को लेकर नाराजगी और विवाद पहले भी सामने आते रहे हैं। इस संबंध में पूर्व मंत्री अमरजीत भगत और पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा के बयान कुछ महीना पहले सामने आए थे। यहीं नहीं खुद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी बैज की कार्यशैली को लेकर सवाल उठा चुके हैं। दरअसल निकाय चुनाव के बाद बैज ने अनुशासनहीनता करने वाले निष्कासित नेताओं और कार्यकर्ताओं की पार्टी में वापसी कर दी थी। कई बड़े नेताओं के बीच उनके इस फैसले को लेकर नाराजगी दूर नहीं हुई है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार पार्टी में अब गुटीय लड़ाई तेज हो रही है।

### हाईकमान से शिकायत

छत्तीसगढ़ में यूं तो चुनाव में तीन साल का समय बाकी है, लेकिन कांग्रेसी सियासत में उथल पुथल के हालात बन गए हैं। पहले तो पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे ने भूपेश बघेल को कांग्रेस का नेतृत्व सौंपने की बात कही, रविंद्र चौबे के बयान पर जमकर बवाल मचने के बाद पीसीसी चीफ दीपक बैज ने रविंद्र चौबे को महाज्ञानी नेता बता दिया था। माना जा रहा है कि बैज को बयान इतना नागवार गुजरा कि उन्होंने चौबे के बयान से पार्टी हाईकमान को अवगत भी कराया, साथ ही अनुशासन समिति की बैठक बुलाने की तैयारी भी कर ली है।

### डीजे संचालकों की बैठक में अफसरों ने दो टूक में कहा- सुप्रीम-हाईकोर्ट के आदेश का करना होगा पालन

# डीजे संचालकों को अफसरों की दो टूक, बजाया तो जब्ती के साथ करेंगे एक लाख का जुर्माना





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में इस बार गणेश उत्सव के दौरान गणेश पंडालों से लेकर गणेश झांकी विसर्जन में डीजे नहीं दिखेगा। अभी तक यह अटकले लगाई जा रही थीं कि प्रशासन की ओर से डीजे संचालकों को इस बार कुछ छूट मिल सकती हैं, लेकिन प्रशासनिक अफसरों ने मंगलवार को डीजे संचालकों के साथ की बैठक में इन अटकलों को न केवल विराम लगाया, बल्कि इस बार और ज्यादा सख्ती बरतने की बात कही है। जिला एवं पुलिस प्रशासन के अफसरों ने डीजे संचालकों को दो टूक कहा कि अगर डीजे बजाया, तो उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में डीजे जब्ती करने के साथ एक लाख रुपए तक जुर्माना भी वसूला जाएगा। अफसरों ने कहा कि अगर कार्रवाई से बचना है, तो सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेश का पालन करते हुए डीजे बजाने का इरादा छोड़ दें। कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास कक्ष में जिला एवं पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से डीजे संचालकों के साथ बैठक की। इस बैठक में एडीएम उमाशंकर बंदे और एएसपी लखन पटले के साथ अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में एडीएम बंदे और एएसपी पटले ने सबसे पहले डीजे संचालकों को डीजे को लेकर सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट द्वारा प्रतिबंध लगाए जाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोर्ट के आदेश का पालन करना और कराना हमारा दायित्व एवं ड्यूटी है, इसलिए इस आदेश के तहत जिले में डीजे बजाना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। इसके बाद भी अगर इस आदेश का उल्लंघन कर डीजे बजाते कोई मिला, तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### कैमरा फूटेज, वायरल फोटो-विडियो के आधार पर भी होगी कार्रवाई

अफसरों ने डीजे संचालकों से स्पष्ट करते हुए कहा कि ये नहीं सोचें कि सिर्फ शिकायत के आधार पर ही उनके विरुद्ध कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि शहर में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं और सोशल मीडिया का जमाना है। अगर डीजे की गाड़ी का फोटो या विडियो कैमरे में कैद हो जाता है, तो ठीक उसी प्रकार उसके विरुद्ध भी कार्रवाई होगी, जिस प्रकार एक रॉन्ग साइड में गाड़ी चलाने पर उसके मालिक को ई चालान भेजा जाता है। इसके साथ अगर कोई फोटो या विडियो वायरल करता है, तो इसे भी पुलिस स्वयं संज्ञान में लेकर कार्रवाई करेगी।

### *झांकियों में भी डीजे बैन पिछले वर्ष दर्जनभर डीजे संचालकों पर हुई थी कार्रवाई*

*राजधानी में इस बार निकाली जाने वाली गणेश मूर्ति विसर्जन झांकियों में भी डीजे नहीं दिखेगा। अफसरों ने गणेश की मूर्ति स्थापित करने, पंडाल स्थलों से लेकर गणेश विसर्जन झांकियां निकालने के दौरान भी डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। यह व्यवस्था पिछले वर्ष भी की गई थी, लेकिन इसके बाद भी कई झांकियां डीजे के साथ निकाली गई थीं। पुलिस ने इनमें से करीब दर्जनभर डीजे संचालकों पर कार्रवाई कर 30-30 हजार रुपए का जुर्माना भी वसूला था। अफसरों ने बताया कि कोर्ट के आदेशानुसार इस बार यह जुर्माना एक लाख रुपए तक किया है।*

### *झांकी रूट में प्रवेश नहीं कर पाएगी डीजेयुक्त झांकी, जब्त करेंगे*

*एएसपी लखन पटले ने बताया कि इस बार गणेश झांकी विसर्जन के दौरान झांकी रूट में डीजेयुक्त झांकी को प्रवेश ही नहीं दिया जाएगा। इसके लिए चेक पाइंट लगाया जाएगा, ताकि कोई भी डीजे के साथ झांकी अंदर प्रवेश नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर डीजे को जब्ती भी बनाया जाएगा।*

# प्रतिबंधित नशीली सीरप बेचने वाले तीन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में घूम-घूमकर प्रतिबंधित नशीली सीरप बेचने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन तीनों के कब्जे से ट्रेस्कोरेक्स नाम की कफ सीरप की 100 शीशी बरामद की गई है, जिसकी कुल कीमत 25 हजार रुपए है। पुलिस को आशंका है कि इस अवैध कारोबार में और कई लोग संलिप्त हैं, जिनकी पतासाजी की जा रही है।

कबीर नगर थाना प्रभारी ने बताया कि 25 अगस्त को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो युवक सोनडोंगरी तालाब के पास बोरी एवं बैग में प्रतिबंधित नशीली सीरप रखे हुए हैं, जिसे बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों युवकों को पकड़कर उनके पास रखी बोरी एवं बैग की तलाशी ली, तो उसमें से ट्रेस्कोरेक्स ब्रांड की कफ सीरप मिली। इस सीरप पर प्रतिबंध लगा हुआ है। पूछताछ में पकड़े गए युवकों ने अपना नाम राहुल बंजारे निवासी सतनामी बस्ती, नंदन मिश्रा निवासी अवधपारा सोनडोंगरी के रूप में बताया। राहुल मूलतः ग्राम मजगांव जिला रीवा मध्यप्रदेश का रहने वाला है। इन दोनों से पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिलने पर इनके तीसरे साथी सुरेंद्र सिंह 40 वर्ष निवासी सेक्टर 4 उदया सोसाइटी आमानाका को गिरफ्तार किया। सुरेंद्र मूलतः ग्राम बनगोठरी थाना पिलानी जिला झुनझुन राजस्थान का निवासी है।

वह राहुल और नंदन के साथ मिलकर प्रतिबंधित नशीली दवाइयां बेचने का काम करता है। पुलिस ने तीनों के विरुद्ध धारा 21(सी) एवं 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है।

# प्रधानमंत्री मोदी की आगामी जापान यात्रा से और मजबूत होंगे भारत-जापान संबंध : साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने जापान प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आगामी यात्रा और ओसाका में आयोजित वर्ल्ड एक्सपो 2025 में छत्तीसगढ़ की सहभागिता पर कहा कि "हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बहुत जल्द जापान आ रहे हैं। भारत और जापान की मित्रता ऐतिहासिक और गहरी है। उनके इस दौरे से यह संबंध और भी मजबूत होंगे और हमारे देश को अनेक लाभ प्राप्त होंगे।"

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी की यात्रा भारत और जापान के बीच तकनीकी, औद्योगिक और सांस्कृतिक सहयोग को और प्रगाढ़ बनाएगी। इससे दोनों देशों की जनता को लाभ होगा और साझा समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। ओसाका में वर्ल्ड एक्सपो 2025 के संदर्भ में मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि "कल हमने छत्तीसगढ़ को समर्पित सप्ताह का शुभारंभ किया है। यह वर्ल्ड एक्सपो भारत की संस्कृति को विश्व के सामने प्रस्तुत करने का एक बड़ा प्रयास है। छत्तीसगढ़ का सप्ताह न केवल प्रदेश, बल्कि पूरे देश के लिए लाभकारी रहेगा।" उन्होंने कहा कि इस आयोजन से छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर और औद्योगिक प्रगति को वैश्विक स्तर पर पहचान मिलेगी। इससे निवेश और सहयोग के अवसर भी बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि जापान यात्रा और ओसाका एक्सपो में छत्तीसगढ़ की सक्रिय भागीदारी प्रदेश और देश दोनों के लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगी।



# बड़े बकायादारों की संपत्ति होगी कुर्क, 31 अक्टूबर तक शत-प्रतिशत डिमांड बिल वितरण का टारगेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम अब बड़े बकायादारों से संपत्ति कर वसूली में तेजी लाएगा। इसके लिए दस जोन कार्यालय से बकायादारों को प्रतिदिन 100 डिमांड बिल का वितरण किया जाएगा। 31 अक्टूबर तक नगर निगम के सभी 70 वार्डों में शत-प्रतिशत डिमांड बिल वितरण का कार्य पूरा करने का टारगेट दिया गया है। संपत्ति कर भुगतान में कोताही बरतने वाले बड़े बकायादारों की संपत्ति कुर्क करने की हिदायत राजस्व विभाग के अधिकारियों को दी गई है।

महात्मा गांधी सदन में अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल की अध्यक्षता और उपायुक्त राजस्व डॉ. अंजलि शर्मा की उपस्थिति में राजस्व विभाग की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम ने संपत्ति कर वसूली में तेजी लाने के लिए एक्शन प्लान तैयार किया है। श्री अग्रवाल ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि बड़े बकायादारों के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई तुरंत शुरू की जाए। वहीं हर सप्ताह राजस्व वसूली की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल ने राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि सभी जोन कार्यालय रेसीडेंस वेलफेयर एसोसियेशन के साथ बैठक करें साथ ही सोसाइटी को संपत्ति कर जमा करने के संबंध आवश्यक जानकारी दें। यही नहीं, संपत्तिकर समय पर भुगतान करने की स्थिति में उसमें मिलने वाली छूट की जानकारी सार्वजनिक रूप से मुनादी और अन्य माध्यमों से लोगों तक पहुंचाएं।

### स्वच्छता दीदी, महिला समूहों को शामिल को भागीदारी

समीक्षा बैठक में यह तय हुआ कि प्रापर्टी टैक्स डिमांड बिल के वितरण के कार्य में स्वच्छता दीदी, स्व सहायता समूह की महिलाओं और जोन कार्यालय के कर्मचारियों को शामिल किए जाएगा। निगम की आईटी टीम के साथ डिमांड बिल वितरण का कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए।

## पेज 11 के शेष

### शराब घोटाले में...

248 करोड़ रुपए का नुकसान : ईओडब्ल्यू ने चालान में इसका भी खुलासा किया है कि तीसरी कंपनी दिशिता वेंचर्स प्रा.लि. थी, जो शराब के पुराने प्रमोटर आशीष सौरभ केडिया की है। इस तरह इन कंपनियों को लाइसेंस दिए जाने से शासन को राजस्व के रूप में 248 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

### सिंडिकेट बनाकर कमीशनखोरी...

अधिकारी अनिल टूटेजा, अरुणपति त्रिपाठी, निरंजन दास के साथ अनवर ढेबर, विकास अग्रवाल, अरविंद सिंह आदि शामिल थे। इनके नियंत्रण में विभाग में कमीशनखोरी की अवैध गतिविधियां हो रही थीं।

### 10 प्रतिशत मार्जिन...

लाइसेंस दिया गया। जिन्हे लाइसेंस दिया गया वे सिंडीकेट के करीबी व राजनैतिक संरक्षण प्राप्त व्यक्ति थे। यह लाइसेंसी कंपनियां विदेशी शराब सप्लायरों से शराब की खरीदी कर उसमें 10 प्रतिशत का मार्जिन जोड़कर मार्केटिंग कॉर्पोरेशन को शराब बिक्री करती थीं। इस 10 प्रतिशत के मार्जिन लाभ का बंटवारा दो हिस्सो में होता था। तीन साल की अवधि में इन्हीं तीन कंपनियों को टेंडर दिया जाता रहा।

### पिता के साथ...

नहीं रहते, तो स्थिति और भयावह हो सकती थी। मामला नगर निगम जोन 9 के आंबेडकर वार्ड का है, जहां आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जबकि निगम प्रशासन इस ओर से आंखें मूंद हुए है। इस घटना से स्थानीय रहवासियों में आक्रोश की स्थिति है। दरअसल, आवारा कुत्तों को पकड़ने और उनकी सर्जरी कराने के मामले में निगम प्रशासन फेलवर साबित हो रहा है। नगर निगम का कुत्ता पकड़ो अभियान महज खानापूर्ति होकर रह गया है। राजधानी के मोवा क्षेत्र में मंगलवार सुबह रामेश्वर यादव के 5 वर्षीय पुत्र विवेक यादव पर बाजार जाते समय आवारा कुत्ते ने अचानक हमला कर दिया। बच्चे और उसके पालक कुछ समझ पाते, इससे पहले खूंखार कुत्ते ने मासूम को जगह-जगह काट गया। उसकी पीठ वाले हिस्से में गहरे जख्म हो गए हैं। इसके साथ ही हथेली वाले हिस्से को भी कुत्ते ने नोच खाया है। मासूम के गाल पर कुत्ते के काटने के निशान देखे जा सकते हैं। बच्चे के पिता रामेश्वर यादव ने बताया कि वे लटेरा गांव के रहने वाले हैं। रायपुर में मिस्त्री का काम करते हैं, इसलिए यहां मोवा थाने के पास किराये का मकान लेकर रहते हैं। मंगलवार सुबह वे अपने बेटे विवेक के साथ बाजार जा रहे थे, तभी अचानक एक खूंखार कुत्ते ने उनके बेटे पर हमला बोल दिया। इससे वे घबरा गए और बच्चे को किसी तरह उससे छुड़ाया, घटना के समय वहां और कोई नहीं था। उनका कहना है कि अनजान शहर में परिवार के साथ रहना अब सुरक्षित नहीं रह गया। बच्चे को लेकर वे जिला अस्पताल गए और रेबीज का टीका लगवाया। अस्पताल वालों ने 28 तारीख को दोबारा बच्चे को लेकर अस्पताल बुलाया है।

**ठेके पर कुत्तों की नसबंदी अरसे से बंद**

शहर में नगर निगम द्वारा पूर्व में एनीमल बर्थ कंट्रोल अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग ने निजी संस्था से अनुबंध कर आवारा कुत्तों की धरपकड़ और उसकी सर्जरी के लिए अनुबंध किया, पर कुछ समय तक यह कार्य जारी रहा, बाद में फंड की कमी का हवाला देकर यह व्यवस्था बंद कर दी गयी। वर्तमान में पशु विभाग से अधिकृत 2 पशु चिकित्सक की देखरेख में बैरनबाजार के पशु चिकित्सालय में आवारा कुत्तों की नसबंदी का कार्य हो रहा है, पर शहर में आवारा कुत्तों की संख्या को देखते हुए यह व्यस्था पर्याप्त नहीं कही जा सकती। यही वजह है कि रायपुर शहर में डाग बाइट की घटना तेजी से बढ़ी है।

### निगम का डॉग...

की व्यवस्था हो पाई, न ही आवश्यक दवा और मशीन उपलब्ध करा पाए। ऐसे में शहरवासियों को आवारा कुत्तों के खौफ से बचाने निगम प्रशासन फिसड्डी साबित हुआ है। शहरी सरकार इस मामले में पूरी तरह उदासीन है। नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग आवारा कुत्तों की सर्जरी के नाम पर बैरन बाजार स्थित पशु चिकित्सालय में केवल दो पशु चिकित्सकों के माध्यम से प्रतिदिन 10 से 12 कुत्तों की सर्जरी करवा पा रहा है, जबकि शहर में बड़ी संख्या में आवारा कुत्तों की भरमार है। इसे देखते हुए यह व्यवस्था नाकाफी है।

### जिले में 7 माह...

करीब तीन हजार कुत्तों की नसबंदी की गई है। नगरीय प्रशासन विभाग का अभियान केवल औपचारिकता बनकर रह गया है। सुप्रीम कोर्ट ने बीमार और आक्रामक कुत्तों को छोड़कर शेष को नसबंदी करने के बाद उसी इलाके में छोड़ने का फैसला दिया है जिस क्षेत्र से उन्हें उठाया गया है। रायपुर जिले में आवारा कुत्तों की नसबंदी का अभियान काफी समय से चल रहा है मगर कुत्तों की संख्या और डॉग बाइट की घटनाओं पर इसका कोई खास असर होता नहीं दिख रहा है।

### कार से बाइक...

उसका वाहन टकरा गया, जिससे कार को मामूली खरोंच आई। इस बात पर कार चालक राजेश पात्रे ने गुस्से में आकर ऋषभ पर अपने पास रखे हॉकी से ताबड़तोड़ हमला करना शुरू कर दिया और तब तक करता रहा, जब तक हॉकी टूट नहीं गई। इस हमले में ऋषभ के हाथ-पैर सहित अन्य जगहों पर चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि इस घटना में कार चालक की गलती थी, जो लापरवाही पूर्वक कार चला रहा था। इसके बाद भी उसने ऋषभ पर भड़ास निकालते हुए उसकी पिटाई कर दी।

# जमकर गरजे बादल, आधे घंटे झमाझम बारिश से बदला मौसम, बस्तर तरबतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मंगलवार शाम बादल जमकर गरजे और आधे घंटे तक शहर में हुई झमाझम बारिश ने मौसम को बदल लिया। ओडिशा से लगे बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दाब के असर से अगले तीन दिन प्रदेश में बारिश की गतिविधि बनी रहने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटे में बस्तर के कई इलाके पानी से तरबतर हो गए।

- दक्षिण के बाद मध्य होते हुए उत्तर तक बारिश के आसार

सिस्टम का प्रभाव अगले तीन दिन तक दक्षिण से मध्य होते हुए उत्तर तक असर दिखाएगा। अगले चौबीस घंटे में प्रदेश के दक्षिणी हिस्से में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। राजधानी में शाम तक धूप-छांव की स्थिति बनती रही। इसके बाद साढ़े छह बजे के बीच गणपति प्रतिमा लाने बजाए जा रहे ढोल-बाजों के बीच बादल जमकर गरजे और फिर बारिश का दौर शुरू हुआ, जो



आधे घंटे तक अपना जोरदार असर दिखाता रहा। मौसम विज्ञान केंद्र लालपुर में इस अवधि में 24.6 मिमी. बारिश दर्ज की गई, जबकि शहर में इसका प्रभाव उससे काफी अधिक रहा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में ओडिशा तट से लगकर बने कम दवाब के प्रभाव से अगले तीन दिन तक प्रदेश में बारिश की गतिविधि बने रहने के आसार हैं। बुधवार को इसका प्रभाव प्रदेश के दक्षिणी हिस्से में रहने से गुरुवार को मध्य इलाके में और शुक्रवार को उत्तरी हिस्से में बारिश की गतिविधि अधिक रहने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटे में बस्तर के कई इलाकों में भारी से अतिभारी बारिश दर्ज की गई है।

### प्रदेश में 852 मिमी. वर्षा

इस सीजन में प्रदेश में अब तक 852 मिमी. बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से केवल 3 फीसदी कम है। जिलों में सरगुजा में 675 मिमी. के साथ औसत बारिश से 25 फीसदी, महासमुंद 629 मिमी. के साथ 21 प्रतिशत, बेमेतरा 408 मिमी. के साथ 49 प्रतिशत कमी का संकट झेल रहा है। राज्य में एकमात्र जिला बलरामपुर में 71 प्रतिशत की अत्याधिक, बस्तर, मोहला-मानपुर और जांजगीर जिले में अधिक तथा अन्य जिलों में सामान्य वर्षा हुई है।

### स्वास्थ्य शिविर में कराई जांच, रक्तदान भी

रायपुर। ग्राम गुमा, तेंदुआ, ब्लॉक धरसींवा में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर बिहान हॉस्पिटल, ममता आई हॉस्पिटल और जयदीप ब्लड एंड कंपोनेंट सेंटर की पूरी टीम सहयोग के साथ दिव्यांश फाउंडेशन छत्तीसगढ़ द्वारा लगाया गया। इसी दौरान रक्तदाताओं को रक्तदान के बाद विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस शिविर में मुख्य रूप से रक्तदान सहित बीएमआई, शुगर, बीपी, थायराइड एवं अन्य सामान्य जनरल चेकअप के साथ-साथ आंखों का चेकअप किया गया।



## खबर संक्षेप



### परिवहन मंत्री से मिले बस ओनर फेडरेशन के सदस्य

**रायपुर।** नवनियुक्त परिवहन मंत्री केदार कश्यप से मंगलवार को बस ओनर फेडरेशन ऑफ छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों ने मुलाकात की। इस सौजन्य मुलाकात के दौरान मंत्री से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। प्रतिनिधियों में संरक्षक बस एसोसिएशन एवं अध्यक्ष नागरिक अपूर्ति निगम संजय श्रीवास्तव, भावेश दुबे, नवशरण गरचा, जसविंदर साहनी, नवप्रीत गरचा, अजय गिल, अभिनीत शुक्ला एवं शैलेन्द्र भदौरिया शामिल थे।

### जग्गी के निर्विरोध अध्यक्ष बनने पर कैट ने किया सम्मान



**रायपुर।** कैट के राजधानी स्थित प्रदेश कार्यालय में कैट के छत्तीसगढ़ चैप्टर की ओर से मंगलवार को गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मिल एंड मशीनरी मर्चेंट एसोसिएशन के चौथी बार निर्विरोध अध्यक्ष बनने पर राजेन्द्र जग्गी का कैट परिवार ने स्वागत करते हुए सम्मान किया। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी ने इस मौके पर कहा कि श्री जग्गी का मशीनरी मर्चेंट एसोसिएशन का चौथी बार निर्विरोध अध्यक्ष बनना उनकी सत्यनिष्ठा, निष्पक्ष नेतृत्व क्षमता और व्यापारी समाज के प्रति उनके समर्पण का प्रमाण है।

### यूरिया खाद की कमी से किसान हो रहे परेशान



**रायपुर।** पहले डीपीए और अब यूरिया खाद की कमी को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने मंगलवार को कलेक्टर और जिला सहकारी बैंक रायपुर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी से बात कर तत्काल यूरिया खाद उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने बताया कि किसानों एवं विभिन्न समितियों से संपर्क करने पर किसानों द्वारा बताया गया कि यूरिया खाद नहीं मिल रही है। विभिन्न समितियों में भी खाद नहीं होने की जानकारी मिली है, जैसे मलौद, मढ़ी, बरतोरी, खौना, मोहदी, दोदे, सड्डू, गुमा सहित अनेक समितियों में यूरिया के लिए किसान भटकने मजबूर हैं। उधोराम वर्मा रायपुर जिले के तिल्दा ब्लॉक के मढ़ी सेवा सहकारी समिति की आमसभा में शामिल हुए। इस दौरान सभी किसानों की केवल एक ही मांग रही, यूरिया खाद उपलब्ध कराएं। शाखा प्रबंधक का कहना है, परिवहनकर्ता, एजेंसी लगातार ट्रक लगाने की मांग करने के बाद भी यूरिया का परिवहन नहीं कर रहे हैं। 15 दिनों से लगातार मांग के बावजूद समितियों में खाद उपलब्ध नहीं करा रहे हैं। हालत बद से बदतर स्थिति में है। डबल लॉक में यूरिया उपलब्ध होने के बाद भी खाद उपलब्ध नहीं कराई जा रही है।

# शहर में 150 से ज्यादा गणेश पंडाल लगकर तैयार, निगम और प्रशासन के बीच परमिशन का खेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

शहरभर में 150 से ज्यादा गणेश पंडाल अलग-अलग इलाकों की सड़कों पर तनकर तैयार हैं, इनमें से 100 आयोजकों ने गणेश पंडाल लगाने नगर निगम के दस जोन में सूचना के लिए आवेदन लगाया, लेकिन 50 आयोजक ऐसे भी हैं, जिन्होंने अब तक न संबंधित जोन को सूचना देना जरूरी समझा, न इसकी अनुमति मांगी।

वहीं शहर के विभिन्न इलाकों में सड़क घेरकर पंडाल लगाने की अनुमति का खेल नगर निगम और जिला प्रशासन के बीच चल रहा है, जबकि बुधवार से शहरभर के 150 से अधिक गणेश पंडालों में गणपति बप्पा जयकारों के साथ धूमधाम से विराजित होंगे। गणेशोत्सव की तैयारी को लेकर हाल ही में जिला प्रशासन, पुलिस और नगर निगम के अधिकारियों के साथ शहर के गणेशोत्सव समितियों के प्रमुखों की बैठक हुई। इसमें यह तय हुआ सड़क घेरकर पंडाल नहीं लगाया जाएगा, ताकि गणेशोत्सव के दौरान लोगों को आवागमन में किसी तरह की असुविधा न हो। इसके लिए समितियों को संबंधित जोन में आवेदन देकर इसकी सूचना देने कहा गया, जबकि पंडाल लगाने की अनुमति जिला प्रशासन के माध्यम से देने की बात तय हुई, पर हैरानी की बात ये है कि शहर के प्रमुख मार्गों से लेकर रहवासी इलाकों में 150 से ज्यादा गणेश पंडाल तैयार हो गए हैं। इनमें से कुछ जगह का पंडाल सड़क को घेरकर बनाया गया है। इनकी अनुमति भी विधिवत रूप ने नहीं ली गई। सूत्रों के मुताबिक नगर निगम के दस जोन में 100 आवेदन गणेश पंडाल लगाने को लेकर विभिन्न समितियों से प्राप्त हुए हैं। जोन के अधिकारियों का कहना है कि पंडाल लगाने की अनुमति देने का काम जिला प्रशासन का है, इसलिए जोन स्तर पर प्राप्त आवेदन को जिला कलेक्टर के पास अनुमति के लिए भेज रहे हैं, जबकि 50 पंडाल के लिए आयोजन समिति ने इसके लिए जोन में आवेदन नहीं दिया है। ऐसे में बुधवार से शुरू हो रहा गणेशोत्सव में पंडाल की अनुमति कब और किसने दी, यह सवाल समझ से परे है।

- 10 जोन में 100 समितियों ने सड़क पर पंडाल लगाने किया आवेदन, 50 ने सूचना तक नहीं दी
- नगर निगम जिला प्रशासन को गणेश समितियों का आवेदन करेगा अग्रेषित
- पंडाल तनकर तैयार, अनुमति का अता-पता नहीं



### आरती के वक्त कोटा- गुढ़ियारी मार्ग पर लगेगा जाम, लाखे नगर और पुरानी बस्ती में भी सड़कों पर पंडाल से जगह हुई संकरी

# पंडालों से संकरी हुई शहर की सड़कें, डीजे के कारण गलियों तक लगा जाम, घंटों फंसे रहे लोग

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी में विघ्नहर्ता गणेश के स्वागत के दौरान डीजे और अव्यवस्थित पंडालों के कारण मंगलवार शाम शहर की सड़कों पर लंबा जाम लग गया। शाम 7 बजे के बाद चारों दिशाओं से प्रतिमाओं का पंडालों तक पहुंचने का क्रम शुरू हुआ, इसी बीच ऑफिस से घर लौटने वाले लोगों की भीड़ बढ़ गई। लाखे नगर, पुरानी बस्ती, गुढ़ियारी-कोटा मार्ग, शंकर नगर, सदर बाजार, आमापारा और राजेंद्र नगर समेत कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों की कतारें लग गईं। स्थिति यह रही कि 100 मीटर दूरी तय करने में लोगों को 30 मिनट से ज्यादा का समय लग गया। मुख्य मार्गों के साथ छोटी गलियों में भी जाम की स्थिति बनी रही। लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा और यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई।

हरिभूमि ने मंगलवार शाम राजधानी की उन सड़कों की पड़ताल की, जहां चारों दिशाओं में सड़कें होने के बावजूद घंटों तक जाम लगा रहा। लाखे नगर चौक में शाम 6 बजे से ही जाम लगना शुरू हो गया था। जैसे ही 7 बजे के बाद वाहनों की संख्या बढ़ी, डीजे और जुलूस की वजह से गाड़ियां एक के बाद एक रुकती चली गईं। हालात यह हो गए कि लोग छोटी गलियों से निकलने की कोशिश करने लगे, लेकिन वहां भी दोपहिया वाहनों को निकलने तक की जगह नहीं बची थी। पुरानी बस्ती से कुशालपुर जाने वाले मार्ग, टूरी हटरी, आमापारा मार्ग, कुशालपुर और सदर बाजार की गलियां पूरी तरह जाम से जूझती रहीं। पुरानी बस्ती से लाखे नगर मार्ग में बने 7 पंडालों ने सड़कें और भी संकरी कर दीं। सामान्य दिनों में भी यहां शाम को जाम की स्थिति बनती है, लेकिन मंगलवार को डीजे और भीड़ के कारण लोगों को घंटों अपनी गाड़ियों में फंसा रहना पड़ा।





#### रामसागर पारा में जाम, स्टेशन रोड तक अटके लोग

मंगलवार शाम रामसागर पारा क्षेत्र में भारी जाम देखने को मिला। जैसे ही डीजे के साथ पंडालों की ओर श्रद्धालुओं का जुलूस बढ़ा, वैसे ही समता कॉलोनी, चौबे कॉलोनी, अग्रसेन चौक और स्टेशन से रामसागर पारा आने-जाने वाले लोग जाम में फंस गए। बारिश थमने के बाद प्रतिमाओं के साथ डीजे जुलूसों का क्रम शुरू हुआ और रात 7:30 बजे के बाद इसका असर स्टेशन रोड तक दिखा। राठौर चौक और तेलघानी नाका मार्ग पर भी गाड़ियों की रफ्तार काफी धीमी हो गई। भीड़ से बचने के लिए बड़ी संख्या में दोपहिया वाहन गलियों से निकलने लगे, लेकिन वहां भी जाम की स्थिति बनी रही। लोगों को कुछ ही दूरी तय करने में लंबा वक्त लग गया।

#### कोटा-गुढ़ियारी मार्ग पर आरती के समय लगेगा घंटों जाम

गुढ़ियारी से कोटा मार्ग पर बने तीन प्रमुख पंडाल शाम के समय सड़क का बड़ा हिस्सा घेरे रहते हैं। इस मार्ग से शाम को हर घंटे हजारों वाहन गुजरते हैं, ऐसे में आरती के समय यहां रोजाना जाम की स्थिति बन रही है। जगह सीमित होने के कारण श्रद्धालु सड़क पर खड़े होकर ही आरती में शामिल होंगे, जिसका असर पहाड़ी चौक पर भी पड़ेगा। इसी तरह पड़ाव से मुरा भट्ठी मार्ग में भी सड़क पर पंडाल बनाया गया है, जहां प्रतिदिन आरती के समय वाहनों की भीड़ के बीच जाम की स्थिति बनेगी।

#### पड़ाव और अंडरब्रिज में घंटों फंसेंगे लोग

गुढ़ियारी के पड़ाव क्षेत्र में इस बार भव्य झांकी बनाई गई है, लेकिन रेलवे अंडरब्रिज से पड़ाव की ओर आते वक्त सड़कों पर चार से अधिक स्वागत द्वार बनाए गए हैं। इसकी वजह से मंगलवार से ही यहां जाम की स्थिति बनी रही। अंडरब्रिज क्षेत्र में वैसे भी रोजाना जाम लगता है, ऊपर से अव्यवस्थित स्वागत द्वारों ने सड़क को और संकरा कर दिया है। नतीजतन आने-जाने वाले लोगों को घंटों परेशानी झेलनी पड़ी। लगातार भीड़ और संकरी होती सड़कों के कारण यहां यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है।

# 9 बड़े बकायादारों के व्यावसायिक परिसर सील

- सालों से नगर निगम को संपत्ति कर का नहीं किया भुगतान



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

नगर निगम के जोन 8 राजस्व विभाग ने मंगलवार को वीर सावरकर नगर वार्ड में अंतिम नोटिस के बाद भी संपत्ति कर जमा नहीं करने वाले 9 बड़े बकायादारों के व्यावसायिक परिसर को सीलबंद करने की कार्रवाई की। बकायादार एक अरसे से नगर निगम को संपत्ति कर का भुगतान नहीं कर रहे थे। इसे देखते हुए सभी 9 व्यावसायिक परिसर में ताला लगाकर सील किया गया।

नगर निगम जोन 8 अमले ने वीर सावरकर नगर वार्ड में बड़े बकायादारों पर शिकंजा कसते हुए मंगलवार को 9 व्यावसायिक परिसर को सीलबंद करने की कार्रवाई की। इनमें 5,07306 लाख रुपये के बकायादार प्रीतम सिंह, 2,16428 रुपये के बकायादार अशोक कुमार, विजय कुमार, विनोद कुमार, 1,36,971 रुपये के बकायादार कुलदीप सिंग, तेजेंदर सिंग, 4,33,396 रुपये बकायादार हरवंश सिंग, महेंद्र सिंग, सुरजीत कौर शामिल हैं। इसी तरह वार्ड 2 अंतर्गत 87,281 रुपये के बकायादार सतगुरु फर्नीचर, 11,233 रुपाये के बकायादार फैक्ट्री, 43,001 के बकायादार संतोष शर्मा, 34,563 रुपये के बकायादार विनोद सिंह, 1,41069 रुपये के बकायादार राजू साहू सुपरबाजार द्वारा अंतिम नोटिस के बाद भी बकाया संपत्ति कर जमा नहीं करने पर इन सभी 9 व्यासायिक परिसरों में ताला लगाकर सील किया गया।

नगर निगम जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल, कार्यपालन अभियंता पदमाकर श्रीवास के निर्देश पर जोन सहायक राजस्व अधिकारी महादेव रक्सेल के नेतृत्व और राजस्व निरीक्षक राजेश मिश्रा, सहायक राजस्व निरीक्षक नंद कुमार वैष्णव, नरेंद्र ठाकुर, चंदन रगड़े, खगेश्वर सोनी ने की।

# एमबीबीएस-बीडीएस की शेष 414 सीटों के लिए दूसरे दौर का पंजीयन आज से

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

एमबीबीएस-बीडीएस की शेष 414 सीटों पर एडमिशन के लिए दूसरे दौर का पंजीयन 27 अगस्त से प्रारंभ होगा। विभिन्न प्रक्रिया पूरी होने के बाद 8 से 13 सितंबर के बीच प्रवेश दिया जाएगा। पहले राउंड की काउंसिलिंग में एमबीबीसी की 1396 और बीडीएस की 284 सीटों पर प्रवेश पूरा हो चुका है। सरकारी कालेजों की 80 फीसदी सीटें भर चुकी हैं।

प्रदेश में मेडिकल और डेंटल कालेजों की यूजी सीटों पर एडमिशन के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इसके तहत पहले राउंड का एडमिशन पूरा हो चुका है। चिकित्सा शिक्षा विभाग को एमबीबीएस की करीब 90 फीसदी सीटों पर प्रवेश दिलाने में सफलता मिल चुकी है। पहले राउंड में बीडीएस की सीटों पर उन्होंने ही एडमिशन लिया है, जिन्होंने शुरुआत से ही दंत चिकित्सा में अपना भविष्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। बुधवार से दूसरे राउंड की काउंसिलिंग के लिए ऑनलाइन पंजीयन की शुरुआत होगी। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने पहली बार अभ्यर्थियों को हर राउंड में पंजीयन कराने की सुविधा प्रदान की है, जिससे किसी खामियों की वजह से पहले राउंड में चूकने वाले विद्यार्थी दूसरे दौर की काउंसिलिंग में शामिल हो सकते हैं। जानकारी के अनुसार राज्य, प्रबंधन और एनआरआई कोटा मिलाकर प्रदेश के 15 चिकित्सा महाविद्यालयों में करीब 1720 सीटें हैं। ऑल इंडिया और सेंट्रल पुल की 260 सीटों पर प्रवेश दिल्ली से पूरा होता है। इसमें सेंट्रल पुल कोटा से नार्थ-ईस्ट अथवा आतंकी हमलों में मारे गए लोगों को प्रवेश दिया जाता है।

- प्रवेश आठ सितंबर से, एमबीबीएस की 186 सीटें बाकी
- बीडीएस की 398 सीटों पर होगा एडमिशन, 284 भरी



#### नर्सिंग की सुगबुगाहट नहीं

इधर नर्सिंग कालेजों में विभिन्न पाठ्यक्रमों में एडमिशन के लिए फिलहाल कोई सुगबुगाहट शुरू नहीं है। आईएनसी द्वारा इन कालेजों में प्रवेश के लिए 30 सितंबर अंतिम तारीख तय की गई है। राज्य में 125 नर्सिंग कालेजों में बीएससी की सर्वाधिक 7 हजार सीट है। इसके अलावा एमएससी, पोस्ट बेसिक नर्सिंग पाठ्यक्रमों में भी एडमिशन दिया जाना है। बीएससी प्रवेश के लिए परीक्षा परिणाम घोषित हो चुका है, मगर आयुष विवि और नर्सिंग काउंसिल से संबद्धता और अनुमति की प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हुई है।

## बिजनेस साइट

### एनटीपीसी नया रायपुर में निदेशक एचआर अनिल जडली का दौरा



**रायपुर।** एनटीपीसी के निदेशक (मानव संसाधन) अनिल कुमार जडली ने नवा रायपुर परिसर का दौरा कर पश्चिमी क्षेत्र-2 की परियोजनाओं और मानव संसाधन कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने गुणवत्तापूर्ण मानवशक्ति, संगठनात्मक संस्कृति और सीएसआर बजट के प्रभावी उपयोग पर जोर दिया। समीक्षा बैठक में ई. सत्य फणि कुमार, प्रेमलता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बाद में श्री जडली ने 'युवा अधिकारियों के साथ संवाद' सत्र में भाग लिया, जहां उन्होंने एनटीपीसी की विकास यात्रा और कर्मचारियों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कर्मचारियों को तकनीकी प्रगति के साथ कदम मिलाकर चलने और खुद को फिर से प्रशिक्षित करने की सलाह दी। उन्होंने नया रायपुर को कंपनी का उभरता हुआ उत्कृष्टता केंद्र बताया। सत्र में युवा अधिकारियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उन्होंने तत्परता से उत्तर भी दिया।









02 चार दुर्लभ संयोग में अखंड सौभाग्य के ...


**लाइव इवेंट**

## 162 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से नवाजा 22 मेधावियों को दिया आर्थिक सहयोग



**रायपुर।** विमतारा भवन में मां कर्मा प्रतिभा प्रोत्साहन समिति छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में भव्य राज्य स्तरीय प्रतिभा प्रोत्साहन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने, उनकी प्रतिभा को सम्मानित करने और समाज में शिक्षा के महत्व को स्थापित करने की दिशा में एक अनुकरणीय पहल साबित हुआ। समारोह में यूपीएससी, एमबीबीए, इंजीनियरिंग सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे 22 मेधावी छात्र-छात्राओं को समिति की ओर से चेक के माध्यम से आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। वहीं 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक हासिल करने वाले 162 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक एवं प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान ने न केवल विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया, बल्कि पूरे समाज का भी गौरव बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान बलौदाबाजार जिला अस्पताल में पदस्थ रहे स्व. डॉ. शैलेंद्र साहू के अतुलनीय कार्यों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए उनके पिता सीआर साहू को मंचासीन अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### शिक्षा को बढ़ावा देने साथ खड़ा है पूरा समाज

समिति के संस्थापक प्रो. घनाराम साहू, अध्यक्ष टेकराम साहू, सचिव बेदलाल साहू, कार्यक्रम संयोजक एवं उपाध्यक्ष दिनेश कुमार साहू, सह संयोजक नारायण साहू, अनिल साव, रामकृष्ण साहू, वीणा साहू और भारती साहू ने संयुक्त रूप से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, "हमारा उद्देश्य केवल आर्थिक सहयोग देना नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में यह विश्वास जगाना है कि पूरा समाज उनके साथ खड़ा है। सामूहिक सहयोग से ही हम एक शिक्षित और उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।" यह आयोजन केवल विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा नहीं बना, बल्कि समाज को भी यह संदेश दिया कि शिक्षा ही सशक्त समाज की नींव है। सामूहिक प्रयास और सहयोग से ही आने वाली पीढ़ियां प्रगति की राह पर आगे बढ़ सकती हैं।

**सिटी इवेंट**

## एम्स में स्कोपस-एम्बेस डेटाबेस कार्यशाला शोध संस्कृति को मिला नया आयाम



**रायपुर।** एम्स के केंद्रीय पुस्तकालय में स्कोपस एवं एम्बेस डाटाबेस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन एल्सेवियर के सहयोग से किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य संकाय सदस्यों, शोधकर्ताओं और छात्रों को इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों के प्रभावी उपयोग के प्रति जागरूक करना और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देना रहा। साथ ही स्कोपस एवं एम्बेस डाटाबेस का शैक्षणिक और नैदानिक शोध में अधिक से अधिक उपयोग सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) ने की।

### लक्ष्य निर्धारित करे

अपने संबोधन में उन्होंने चिकित्सकों से केवल रोगी देखभाल तक सीमित न रहते हुए शोध को भी प्राथमिकता देने का आग्रह किया। उन्होंने संकाय को सलाह दी कि वे हर एक से दो महीने में उच्च गुणवत्ता वाले शोध पत्र प्रकाशित करने का लक्ष्य निर्धारित करें, अस्वीकृत शोध पत्रों के कारणों का विश्लेषण करें और आंतरिक सहकर्मी समीक्षा को सुनिश्चित करें। कार्यशाला का शुभारंभ केंद्रीय पुस्तकालय समिति के अध्यक्ष डॉ. सिद्धार्थ नंदा के स्वागत भाषण से हुआ। वरिष्ठ पुस्तकालयाध्यक्ष एवं कार्यशाला संयोजक डॉ. शिवेन्द्र सिंह ने रिटर्न्स ऑन लाइब्रेरी इन्वेस्टमेंट पर अपने शोध निष्कर्ष साझा किए।

### 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया

तकनीकी सत्रों का संचालन एल्सेवियर की नताशा गुलाटी ने किया, जिन्होंने स्कोपस एवं एम्बेस डाटाबेस के प्रभावी उपयोग पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर एम्स रायपुर के शीर्ष शोधकर्ताओं डॉ. पुघझेन्थन टी., डॉ. नरेंद्र कुबर बोढे और डॉ. सत्यकी गांगुली को उनके उत्कृष्ट शोध प्रकाशनों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यशाला में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें प्रोफेसर, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, छात्र और नर्सिंग स्टाफ शामिल थे। कार्यक्रम का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि एम्स रायपुर में नैदानिक कार्य को उच्च गुणवत्ता वाले शोध और अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशनों से जोड़कर एक मजबूत शोध संस्कृति विकसित की जाएगी।

**गणेश चतुर्थी आज :** इस बार भी गुढ़ियारी का पंडाल रहेगा आकर्षण का केंद्र

# आधी रात तक खरीदारी, छोटी प्रतिमाओं की बिक्री पिछले साल से दोगुनी, स्थापना का शुभ मुहूर्त आज सुबह 11 बजे से

**राजधानी में आज से 11 दिनों तक विघ्नहर्ता की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा की जाएगी। इसके पूर्व मंगलवार को मध्यरात्रि बाद तक गणेश प्रतिमा को पंडाल तक ले जाने का सिलसिला जारी रहा। छोटी प्रतिमाओं को ले जाने की कवायद जारी रही। भक्तों ने धूमधाम से गणेश चतुर्थी मनाने की तैयारी पूरी कर ली है। प्रतिमाओं को घर ले जाने के अलावा देर रात तक शहर के चौक-चौराहों पर पंडाल सजते रहे। समितियों ने लाइटिंग कार्य के साथ तैयारी को अंतिम रूप दिया।**







रायपुर। आज ज्यादातर जगहों पर दोपहर से शाम के बीच गणपति बप्पा की मूर्ति की स्थापना की जाएगी। पर्व से एक दिन पहले बाजार में रौनक देखने को मिली। लोग घर व ऑफिस के लिए प्रतिमा खरीदने बड़ी संख्या में बाजारों में पहुंचे। इस दौरान छोटे बच्चों में सर्वाधिक उत्साह देखने को मिला। अंतिम दिन होने से छोटी व बड़ी सभी आकार की प्रतिमाएं हाथों-हाथ बिकती रही। मांग बढ़ने से एक फीट की प्रतिमा 500 रुपए तक बिकी। इसके अलावा बाजार में साज-सज्जा का सामान खरीदने के लिए भीड़ लगी रही। बप्पा की छोटी मूर्तियों की ज्यादा खरीदारी हुई। सदर बाजार में सुबह से देर रात तक रौनक रही। माना में बड़ी मूर्तियों को गाड़ी में रखने मशक्कत भी करनी पड़ी। 10 से 15 फीट की प्रतिमाओं के लिए समिति को क्रेन की मदद लेनी पड़ी।

### बड़ी मूर्तियों के लिए वाहनों का इंतजाम

डीजे की धुन पर बप्पा के भक्त भगवान गणेश की प्रतिमा पंडाल लेकर पहुंचे। शहर में यह सिलसिला सुबह से देर रात तक जारी रही। कई समितियों के सदस्य डीजे के साथ प्रतिमा लेने माना पहुंचे। जहां बड़ी मूर्तियों को ट्रक में लाया गया। शहर के चारों ओर संगीतमय ध्वनि की गूंज रही। पंडालों में युवाओं ने डीजे और धुमाल के साथ गणेशजी का स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों की आवाज भी सड़कों पर गूंजती रही। समिति सदस्य डीजे की धुन पर झूमते नजर आए। इस दौरान सड़कों पर पटाखे और आतिशबाजी का भी सिलसिला चला। श्रद्धालु भगवान गणेश के जयकारों के साथ प्रतिमा को पंडाल लेकर पहुंचे। माना में मूर्तियां ले जाने सुबह ही समिति सदस्य पहुंचने लगे थे।



### दो हजार में बिके रेडीमेड पंडाल

बाजार में गणेश भगवान की प्रतिमा के साथ लोगों ने सजावट और पूजा सामग्री की खरीदारी की। इस दौरान बाजार में रेडीमेड पंडाल ने लोगों को आकर्षित किया। घरों के लिए लोगों ने कपड़े से सजे रेडीमेड पंडाल खरीदे। इसकी कीमत 200 रुपए से लेकर 3 हजार तक रही। आर्टिफिशियल फूल और झालर, लाइट से सजे पंडाल की मांग अधिक रही। इसके अलावा प्रतिमा स्थापना के दौरान आवश्यक पूजा सामग्री की बिक्री अंतिम दिन बढ़ गई। बाजार में 100 से 200 रुपए तक पूजन सामग्री अधिकतर लोगों ने खरीदी। इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानों में झालर, रंगीन लाइट की भी मांग रही।





### इस साल छोटी प्रतिमाओं की बिक्री अधिक

इस बार शहर में पिछले साल की तुलना में अधिक प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। सदर बाजार के मूर्तिकारों का कहना है कि इस बार 5 फीट से लेकर 12 फीट तक की 1000 से अधिक प्रतिमाएं बनाई गई थीं। इसके अलावा एक से तीन फीट तक की 15 से 20 हजार प्रतिमाओं का निर्माण किया गया है, जिसमें अब 8 हजार से अधिक प्रतिमाएं बची हैं। हर साल हजारों प्रतिमाएं बच जाती हैं, लेकिन इस बार प्रतिमाओं की बिक्री अधिक होने के कारण कम संख्या में ही प्रतिमाएं बचने का अनुमान है।

## सेंट्रल जेल के कैदियों का हुनर, मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं को दिया आकार

केंद्रीय कारागार में कैदियों द्वारा आगामी गणेश उत्सव के लिए पर्यावरण के अनुकूल मिट्टी से भगवान श्रीगणेश की छोटी-बड़ी कुल 150 सुंदर प्रतिमाओं का निर्माण किया गया है। आजीवन कारावास से दंडित बंदियों ने हाथों का हुनर दिखाते हुए इन दिव्य प्रतिमाओं को तैयार किया है। केंद्रीय जेल रायपुर के अधीक्षक योगेंद्र सिंह क्षत्री ने बताया कि गणेश चतुर्थी के मद्देनजर मूर्तिकला के हुनरमंद बंदियों द्वारा मिट्टी से गणेशजी की बेहद सुंदर, आकर्षक रंग व वेशभूषा से सजाकर प्रतिमाएं निर्मित की गई हैं। इन प्रतिमाओं को जेल एम्पोरियम में जनसाधारण को बिक्री करने के लिए प्रदर्शित किया गया है। अधीक्षक ने आगे बताया कि जेल में कैदियों के लिए संचालित रचनात्मक गतिविधियों के अंतर्गत बंदियों को मूर्तिकला का प्रशिक्षण दिया गया है। इस मूर्तिकला में दक्ष बंदियों ने पर्यावरण के अनुरूप मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं का निर्माण किया है। गणेश चतुर्थी पर



जेल इम्पोरियम में प्रदर्शित प्रतिमाएं जनसाधारण निर्धारित शुल्क के साथ प्राप्त कर सकते हैं। जेल अधीक्षक ने बताया कि यह पहल कैदियों की रचनात्मकता को बढ़ावा देने के साथ-साथ उनके पुनर्वास की दिशा में जेल प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। गणेशजी की प्रतिमाएं बनाकर कैदियों के मन में श्रद्धा के साथ-साथ हुनरमंद बनने का उत्साह झलक रहा है। केंद्रीय जेल एम्पोरियम प्रभारी एवं जेल उद्योग विभाग के अधीक्षक सहसराम रात्रे ने बताया कि सोमवार को मिट्टी की अलग-अलग साइज की कैदियों द्वारा निर्मित 150 गणेश प्रतिमाएं बिक्री के लिए रायपुर केंद्रीय जेल से यहां लाई गई हैं। इनमें डेढ़ से दो फीट की गणेश प्रतिमाओं की कीमत 300 रुपए निर्धारित किया गया है। वहीं एक फिट व उससे छोटी आकार की प्रतिमाओं का कीमत 51 रुपए तय किया गया है। जनसाधारण कैदियों द्वारा निर्मित मिट्टी के गणेश प्रतिमाएं खरीदने पहुंच रहे हैं। पहले दिन ही दो नग गणेश प्रतिमाएं श्रद्धालु ले गए हैं।

### महीनेभर में किए तैयार

कैदियों द्वारा केंद्रीय जेल के अंदर गणेश चतुर्थी के मद्देनजर मूर्तिकला के हुनरमंद बंदी महीनेभर से अधिक समय से मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं के निर्माण कार्य में जुटे रहे। उनकी कड़ी मेहनत, आस्था, लगन और हुनर ने गणेशजी की प्रतिमाओं को आकार दिया है। इन मूर्तियों को 6 बंदियों के समूह ने मिलकर बनाया है।

**राजधानी के युवाओं को मिले बुजुर्गों के अनुभव का लाभ, इसलिए शुरू की जीवन की नई पारी**

# रिटायरमेंट के बाद सेकंड इनिंग में बुजुर्ग जगा रहे शिक्षा की अलख

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** सेकेंड इनिंग अर्थात खुद को दूसरा मौका देना और जिंदगी की नई शुरुआत करना। रिटायरमेंट जीवन का सिर्फ ठहराव नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है। उम्र भले ही शरीर को थोड़ा कमजोर कर देती है, पर मन और सोच हमेशा बलवान होते हैं। यही वजह है कि रिटायर्ड व्यक्ति परिवार के साथ ही समाज को भी प्रेरणा देते हैं। उनके पास अनुभव का खजाना होता है, साथ ही जिंदगी जीने की अनूठी कला और कार्यस्थल की जानकारी होती है। यही युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणाश्रोत बन जाते हैं। आज रफ्तार कि दुनिया में जहां युवा तेजी से सब कुछ हासिल करना चाहते हैं, वहीं दूसरी ओर रिटायर्ड व्यक्ति पुनः जिंदगी की शुरुआत करते हैं। शहर के कुछ रिटायर्ड लोगों से अब उनके कार्यों को लेकर हरिभूमि ने बात की। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वर्तमान में कैसे अपने आप को व्यस्त रखते हुए सरोकार से जुड़कर सेवा दे रहे हैं।







### रिटायरमेंट को एंजाय करें और काम करते रहें

*डॉ. अरविंद नेरल ने 2025 में पं. जवाहर लाल नेहरू मेमोरियल मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी के एचओडी पद से हाल ही में रिटायर हुए हैं। उन्होंने बताया कि 41 साल मेडिकल फील्ड को अपना वक्त देने के बाद फ्री रहना पसंद नहीं था। इसलिए फिर जोरा स्थित रिम्स के पैथोलॉजी डिपार्टमेंट में एचओडी बन गए। साथ ही उन्हें लिखने का शौक भी है, इसलिए वे आर्टिकल लिखते हैं। उन्होंने बताया कि मैं जितना मेडिकल में सीखा हूं, वह अपने स्टूडेंट्स को बताना चाहता हूं। रिटायरमेंट के बाद भी फिजिकल फिट रहूं और अपने हॉबी को ही फॉलो करूं। अपने रिटायरमेंट को एंजाय करें और लगातार अपने अनुभवों से समाज के लिए काम करें। संदेश देते हुए कहा कि अपनी काबिलियत को पहचानें और उस पर वार्क करें। समय का हमेशा उपयोग करें व अनुभवों से सीखें।*

### आप जितना समाज के लिए करेंगे, वह वापस मिलेगा

सोशल वार्कर जीके भटनागर सुधा सोसयटी फाउंडेशन के फांउडर व चैयरपर्सन हैं। वे बैंक की नौकरी से 2009 में रिटायर हुए। हरियाणा से रायपुर 2021 में शिफ्ट हुए और इस फांउडेशन की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि संस्था का मुख्य उद्येश्य आर्थिक वर्ग के लोगों की मदद करना है। इनकी संस्था आमासिवनी के बच्चों को फ्री में ट्यूशन क्लास देती है। साथ ही बुर्जुगों के लिए हेल्थ चेकअप और समय-समय पर महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित करती है। 72 वर्ष के होने के बावजूद वे लगातार समाज के लिए काम कर रहे हैं। उनका कहना है कि रिटायरमेंट के बाद मुझे खाली रहना पसंद नहीं था और ऐसे में मैंने समाज के लिए काम करना शुरू किया। युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि आप जितना समाज के लिए करते हैं, समाज भी आपके लिए करता है। श्री भटनागर आगे कहते हैं, मैं वर्तमान में व्यस्त रहता हूं और मुझे खुशी है कि समाज के लिए लगातार काम कर रहा हूं।

### रिटायरमेंट के बाद भी अपनी पेंशन को कर रहीं फॉलो

अवंति विहार निवासी तरविंदर भाटिया ने अपनी पूरी जिंदगी बच्चों को पढ़ाने में गुजार दी और रिटायरमेंट के बाद भी अपनी पेंशन को फॉलो कर रही हैं। उन्होंने 1981 में आदर्श विद्यालय के बच्चों को बायोलॉजी पढ़ाने से अपने कॅरियर की शुरुआत की 11 साल के बाद जबलपुर के एमजीएम में फिर से पढ़ाना शुरू किया। कुछ सालों के बाद अपनी जर्नी गायत्री नगर के एमजीएम स्कूल से की और 2024 में रिटायर हो गईं। उन्होंने बताया कि उनके स्टूडेंट्स वर्तमान में मेडिकल फील्ड में काम कर रहे हैं। रिटायरमेंट के बाद 68 वर्ष की उम्र में भी बालाजी विद्या मंदिर में पढ़ा रही हैं। उनका कहना है कि हमेशा अपनी पेंशन को फॉलो करें और नियमित रूप से काम करते रहें तथा खुद को व्यस्त रखें। उन्होंने आगे कहा, क्षमता जब तक हैं, आप काम कीजिए। आपका काम ही जिंदगी को ओर खूबसूरत बना देता है।

धर्म लाइव

## नवम अग्र अलंकरण के लिए 27 विजेताओं का किया चयन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की डॉ. अनीता अग्रवाल के संयोजन में 28 अगस्त को सेरीखेड़ी स्थित एसएन पैलेस में नवम अग्र अलंकरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में 27 चयनित युवाओं को अलग-अलग क्षेत्र में उपलब्धियों के लिए नवम अग्र अलंकरण में नवाजा जाएगा। इसमें सभी विजेताओं को 11000 का चेक, उपाधि व मोमेंटो प्रदान किया जाएगा। अग्र अलंकरण के सह संयोजक डॉ. निर्मल अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, महिला प्रांतीय अध्यक्ष गंगा अग्रवाल, महामंत्री निधि अग्रवाल ने बताया, पुरस्कार के लिए प्रदेशभर से 100 से अधिक लोगों का पंजीयन हुआ। चयन समिति में प्रमुख संरक्षक सियाराम अग्रवाल, महेंद्र सेकसरिया दुर्ग, प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल के मार्गदर्शन में अलग-अलग श्रेणी में 27 विजेताओं का चयन अग्र अलंकरण के लिए किया गया है।

### 18 केटेगरी में अग्र अलंकरण

प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे। वहीं अध्यक्षता राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल करेंगे। नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल एवं बसना विधानसभा के विधायक संपत अग्रवाल अलंकरण समारोह के विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया जाएगा। इसके बाद अग्र शिरोमणि, अग्र गौरव, अग्र भूषण, अग्र धन्वंतरी, अग्रश्री जैसी उपाधियों से विजेताओं को अलंकृत किया जाएगा। संस्था द्वारा प्रतिवर्ष 18 विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वालों को प्रतिष्ठित पुरस्कार दिया जाता है।

धर्म लाइव

## रायपुर लेडीज क्लब की नई पदाधिकारियों ने ली शपथ



रायपुर। रायपुर लेडीज क्लब की नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण मंगलवार को हुआ। शहर के एक निजी रिसॉर्ट में रायपुर लेडीज क्लब का शपथ ग्रहण और नए सदस्यों का स्वागत समारोह सम्पन्न हुआ। क्लब की अध्यक्ष सीमा अग्रवाल ने बताया कि क्लब की नवनियुक्त पदाधिकारियों में सचिव के पद पर अमिता अग्रवाल और सुशीला गोयल, कोषाध्यक्ष के पद पर रंजना अग्रवाल और पीआरओ के पद पर सुमन वालेचा को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा क्लब में 30 नई सदस्य भी बनाई गई हैं। इसमें शोभा अग्रवाल, उषा अग्रवाल, सावित्री अग्रवाल, ममता जैन, ममता अग्रवाल, श्यामा अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, डॉ. कृतिका गोयनका नई सदस्य के रूप में शामिल हुई हैं। रायपुर लेडीज क्लब की अध्यक्ष सीमा अग्रवाल ने बताया कि रायपुर लेडीज क्लब का गठन 9 साल पहले किया गया था।

### सामाजिक कार्यों की रूपरेखा बनाई

रायपुर लेडीज क्लब की अध्यक्ष ने कहा कि जरूरतमंदों की हमेशा सहायता करते रहना इस क्लब का प्रमुख उद्देश्य है। अब क्लब का विस्तार के बाद पदाधिकारियों व कुल सदस्यों की संख्या 65 हो गई है। नई पदाधिकारियों व सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह के बाद क्लब द्वारा किए जाने वाले सामाजिक कार्यों व जिम्मेदारियों की रूपरेखा बनाई गई। इस समारोह में मुख्य रूप से श्रीनारायण हॉस्पिटल की मेडिकल डायरेक्टर डॉ. मेघा खेमका के अलावा गिरिजा खेमका, सुधा, संगीता, शारदा अग्रवाल, अर्चना श्रीवास्तव, मोनिका गुप्ता, किरण वाधवानी, डॉली एवं वंदना केजरीवाल सहित कुल 65 सदस्य उपस्थित रहीं।

समाज इवेंट

## सिंधी काउंसिल का निशुल्क स्वास्थ्य जांच और रक्तदान शिविर 7 सितंबर को

**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई एवं सिंधु डॉक्टर फोरम के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर 7 सितंबर को आयोजित है। यह शिविर रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर में सुबह 10 बजे से 4 बजे तक लगाया जाएगा। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि



निशुल्क जांच स्वास्थ्य शिविर में रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम होगी। इस शिविर में पहुंचने वाले मरीजों के लिए सीबीसी, शुगर टेस्ट, यूरीन टेस्ट, बीपी टेस्ट, ईसीजी, टीएसएच, लिपिड प्रोफाइल, बीएमआई, यूरिक एसिड कंसल्टेंट, आरएफटी जैसे महत्वपूर्ण जांच व उपचार किया जाएगा। निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर में रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के विशेषज डॉक्टरों की टीम में डॉ. संदीप दवे (जनरल सर्जरी), डॉ. पंकज धाबलिया (हड्डी रोग), डॉ. भरत अग्रवाल (हड्डी रोग), डॉ. पवन जैन (शिशुरोग), डॉ. विनोद आहूजा (कार्डियक सर्जन), डॉ. अजीत शदाणी (एमडी), डॉ. प्रवाश चौधरी (किडनी रोग), डॉ. रवि जायसवाल (कैंसर रोग), डॉ. हितेश दुबे (लीवर एक्सपर्ट), डॉ. संजय शर्मा (न्यूरो

### संवत्सरी महापर्व पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम आज से

रायपुर। पावन संवत्सरी महापर्व के अवसर पर टैगोर नगर स्थित लालगंगा पटवा भवन में दो दिवसीय 27 एवं 28 अगस्त तक विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को सुबह 8.15 बजे अंतागढ़ सूत्र वाचन से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसके बाद दोपहर में धर्मचर्चा एवं आत्मालोचना का आयोजन किया जाएगा। शाम 6 बजे श्रावक-श्राविकाओं एवं बच्चों का सामूहिक प्रतिक्रमण आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन भाग लेंगे। यह जानकारी रायपुर श्रमण संघ के अध्यक्ष अशोक पटवा ने देते हुए बताया कि, कार्यक्रम में दूसरे दिन 28 अगस्त को क्षमापना एवं पारणा महोत्सव मनाया जाएगा, जिसकी शुरुआत सुबह 6.30 बजे क्षमापना कार्यक्रम से होगी। इस दौरान बाहर से पधारी स्वाध्यायी बहनों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम के बाद सामूहिक पारणा की सुंदर व्यवस्था की गई है।





● राजधानी के मंदिरों और घरों में अखंड सुहाग के लिए सुहागिनों ने हरतालिका तीज व्रत करते हुए रातभर किया भजन-कीर्तन

# चार दुर्लभ संयोग में अखंड सौभाग्य के लिए 24 घंटे रखा निर्जला व्रत,16 श्रृंगार में पूजा के लिए सजाया फुलेरा

'चार दुर्लभ संयोग में अखंड सुहाग की कामना के लिए सुहागिनों ने हरतालिका तीज व्रत की परंपरा का निर्वहन करते हुए सोमवार की मध्यरात्रि से निर्जला व्रत शुरू किया। मंगलवार को दिनभर घर-गृहस्थी के दायित्वों का निर्वहन करते हुए शाम को 16 श्रृंगार में सुहागिनों का समूह क्षेत्र के मंदिरों में ही नहीं, बल्कि समूह बनाकर किसी एक घर में भी फुलेरा सजाते हुए रात्रि जागरण के लिए भजन-कीर्तन किया। कई मंदिरों में पुरोहितों से कथा प्रसंग सुनते हुए जागरण किया। सूर्योदय से पहले पूजा की तैयारी के साथ सुहागिनें व्रत पारणा का विधान करते हुए परंपराओं का निर्वहन करने के लिए सखी-सहेलियों और कुटुम्ब में भेंट के लिए निकलेंगी।'

**रायपुर।** अखंड सौभाग्य के लिए सुहागिनों ने 24 घंटे का निर्जला व्रत करते हुए सुबह सूर्योदय से पहले ही स्नान के बाद भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना के लिए दिनभर में सुहागिनों को इस बार हरतालिका तीज पर चार दुर्लभ संयोग मिले। जो आध्यात्मिक और ज्योतिष दृष्टि से अत्यंत फलदायी हैं। पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि ऐसे योगों में व्रत रखने पर इसका प्रभाव, पुण्य कई गुना बढ़ जाता है। इस बार व्रत करने वाली सुहागिनों को चार शुभ योग का लाभ मिला। सर्वार्थ सिद्धि योग, शोभन योग, गजकेसरी योग के साथ पंच महापुरुष योग व्रतधारी महिलाओं को मिले। वहीं 16 श्रृंगार में विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने के लिए विविध सुगंधित फूलों से भी भगवान शिव और माता पार्वती की सेवा करते हुए फुलेरा सजाया। इससे सिद्धार्थ चौक स्थित हनुमान मंदिर सहित कई आस्था केन्द्रों और घरों में भजन-कीर्तन का सिलसिला रातभर चला। इसमें हर वर्ग की महिलाओं ने शामिल होते हुए उत्सव का रूप दिया।



### पॉश कॉलोनियों में भी सुहागिनों ने मनाया उत्सव

*शहर के समता कॉलोनी, डीडीनगर, सुंदरनगर, श्रीनगर, संतोषी नगर और टिकरापारा सहित सभी क्षेत्र की पॉश कॉलोनियों में व्रतधारी महिलाओं ने ग्रुप बनाकर पूजा व्रत नियम को करते हुए इसे उत्सव का रूप देने का प्रयास किया, ताकि रात्रि जागरण संभव हो सके। इस वजह से सांई सोसायटी, बसंत विहार, अशोका रतन सहित सभी कॉलोनियों में सुहागिनों ने भक्तिभाव से फुलेरा सजाते हुए पूजा उत्सव को सफल बनाने का प्रयास किया। इसके चलते पॉश कॉलोनियों के इवेंट हाल में भक्तिमय माहौल बना।*



### कौशल्या माता संग सुहागिनों ने किया तीज व्रत



चित्रोत्पला लोककला परिषद द्वारा माता कौशल्या संग तीजा तिहार का आयोजन चंदखुरी में पारंपरिक तरीके से किया गया। इस कार्यक्रम में सोमवार को माता कौशल्या को करू भात खिलाया गया था। वहीं मंगलवार को निर्जला उपवास करने वाली सुहागिनों माता कौशल्या के साथ तीज व्रत का नियम और पूजन करने के साथ ही भजन-कीर्तन किया। रात्रि जागरण में उत्सव का माहौल देने के लिए राकेश तिवारी, दिलीप षड़ंगी, आरू साहू तथा गंगा साहू की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। इसके चलते चंदखुरी में दिन में ही नहीं बल्कि रातभर उत्सव का माहौल बना। उक्त जानकारी देते हुए परिषद के निदेशक राकेश तिवारी ने बताया क प्रभा यादव, मधु निषाद, नंदनी साहू, जानकी निषाद सहित सभी महिलाओं ने इस आयोजन को सफल बनाने और पारंपरिक स्वरूप देने में सहयोग दिया।

### घरों और मंदिरों में पूजा, रातभर भजन-कीर्तन

उपासक विद्या साहू ने बताया कि यह व्रत 23 वर्षों से अखंड सौभाग्य की कामना के लिए कर रही हूं। इस व्रत को शादीशुदा महिलाएं पति की लंबी उम्र के लिए करती हैं। अविवाहित कन्याएं भगवान शिव जैसा वर पाने के लिए भी यह व्रत करती हैं। इस व्रत में भगवान शिव और मां पार्वती की हाथ से मूर्ति बनाकर पूजा की जाती है। व्रत तृतीया तिथि के सूर्योदय से चतुर्थी तिथि में सूर्योदय तक निर्जला रखते हैं। उन्होंने बताया कि पंडरी स्थित निवास पर समूह में पूजा के बाद फुलेरा सजाने के साथ ही रात्रि जागरण के लिए भजन-कीर्तन का हिस्सा बनती है। कुछ इसी तरह का पूजा उत्सव नेहा और संगीता के समुह ने सदर बाजार स्थित निवास पर किया। इससे परिवार में भी भक्तिमय माहौल बना और आसपास की महिलाएं भी शामिल हुई। सिद्धार्थ चौक के पास स्थित मंदिर में भी उत्सव का माहौल बना।

### विश्वकर्मा समाज ने धूमधाम से मनाई हरितालिका तीज

विश्वकर्मा समाज द्वारा श्रीदुलार धर्मशाला बढ़ईपारा में भक्तिमय वातावरण में हरितालिका तीज का त्योहार श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर तात्यापारा वार्ड की पार्षद एवं जोन-7 की अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा भी शामिल हुई। उन्होंने बताया कि आज विश्वकर्मा समाज की सुहागिन महिलाएं शिव-पार्वती और गणेशजी की पूजा कर अपने सुहाग की रक्षा व पति के दीर्घायु की कामना की। सभी महिलाएं सोलह श्रृंगार सज-धजकर पूरा अर्चना की। उक्त अवसर पर श्रृंगार सामग्री चूड़ी, बिंदी, सिंदूर, मेहंदी, काजल सहित अन्य सामग्री माता पार्वती को अर्पित की गई। इस मौके पर पारंपरिक गीत संगीत का आयोजन भी किया गया। हरतालिका तीज के अवसर पर पं. श्रीराम बाबा त्रिपाठी द्वारा समस्त पूजन, कथा का श्रवण किया गया।

### पांच तरह के फूलों का उपयोग कर सजाया मंडप

तीज पर फूल, पत्ते, जड़ी-बूटियों और बांस का उपयोग करके मंडप तैयार करने का विधान है। इसे बनाने में पांच तरह के फूलों का उपयोग नियम के तहत किया जाता है। ये पांच फूल भगवान भोलेनाथ की पांच पुत्रियों विषहरा, जया, शामिलबारी, देव व दोतलि का प्रतीक माना जाता है। फुलेरा की पूजा करते हुए उसे शिवलिंग के ऊपर बांधने की प्रक्रिया सुहागिनों द्वारा की गई। फुलेरा बनाने के लिए रंगबिरंगे पांच तरह के फूल, आम के पत्ते, मोटा धागा, छेद वाली डलिया और फूलों को सुई-धागे की मदद से एक लड़ी और तोरण तैयार करके सजाया गया। मंदिरों में पूजा के बाद महिलाओं ने माता पार्वती को श्रृंगार सामग्री भेंट की। इसमें सिंदूर, चूड़ी, बिंदी सहित सभी श्रृंगार सामग्री शामिल थी।

पहले दिन ही 200 बॉक्स बुक्स की बिक्री

# बुक फेयर 'किताबें और बातें' : बच्चों को कॉमिक्स और युवाओं को लुभा रहीं मोटिवेशनल बुक्स

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** मैग्नेटो मॉल में लगे बुक फेयर किताबें और बातें में पहले दिन ही बड़ी संख्या में यूथ, बच्चे व बुक लवर बुक्स खरीदने पहुंचे। बुक फेयर में 10 से ज्यादा किस्म की किताबें उपलब्ध हैं। सोमवार से शुरू हुआ बुक फेयर आगामी रविवार तक चलेगा। किताब लवर के संचालक विवेक झा ने बताया कि ग्राहकों को तीन साइज में किताबें बेची जा रही हैं, जिसमें 8 से 10 किताबों का रेट 1200 है, वहीं 2200 में 15 से 20 और 3000 में 20 से 30 कोई भी किताब की खरीदारी कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि युवा ज्यादातर रोम-कॉम, बिजनेस, थ्रिलर आदि किताबें खरीदना पसंद कर रहे हैं। वहीं बच्चों को कॉमिक्स लुभा रहे और एडल्ट्स में भारतीय लेखकों विनोद कुमार शुक्ल, अक्षत गुप्ता, दिव्य प्रकाश दुबे की किताबों की मांग है।




### दस से ज्यादा किस्म की किताबें यहां



उन्होंने बताया कि इस फेयर में भारतीय व विदेशी लेखकों की किताबें हैं, जिसमें रोम-कॉम, थ्रिलर, कॉफी टेबल बुक, फूड रेसिपी, कॉमेडी, धार्मिक समेत कई केटेगरी की किताबें उपलब्ध हैं। उनका कहना है कि सिंगल किताबें ऑनलाइन महंगी मिलती हैं। वहीं थोक में बेचा जाए, इसलिए हमारा उद्देश्य हैं कि थोड़े कम पैसों में ही किताब लवर एक से ज्यादा बुक खरीद सकें। उनका कहना है कि सुबह से 200 बॉक्स से ज्यादा किताबें बिक चुकी हैं।

### यूथ को पसंद विदेशी लेखकों की किताबें

विवेक ने बताया कि यूथ ज्यादातर विदेशी लेखक की किताबों को पसंद कर रहे हैं, जिसमें मॉर्गन हाउसेल कि किताब द साइकोलॉजी ऑफ मनी और मैथ्यू वॉकर की किताब वॉय वी स्लीप को ज्यादा खरीदा जा रहा है। उन्होंने बताया कि मॉर्गन हाउसेल की किताब में पैसे कमाना, बचाना और उसके निवेश के कई तरीकों के बारे में बताया गया है। यूथ अब स्टार्टअप और निवेश करने के लिए तैयार रहते हैं। ऐसे में उनको जानना जरूरी है कि पैसों का उपयोग किस तरह से करें। बुक सिखाती हैं कि पैसे कमाने के साथ व्यावहार अच्छा रखें, मतलब हमेशा संतुलन बनाकर चलें और सोच-समझकर निवेश करें। लालच के चक्कर में अच्छी कमाई भी बर्बाद हो जाती है, इसलिए समय के साथ मार्केट रिसर्च करते रहें। दूसरी मैथ्यू वॉकर की वॉय वी स्लीप में नींद के कमी से हम अपने डेली लाइफस्टाइल को खराब करते हैं। लंबी उम्र के लिए 7 से 8 घण्टे सोने की सलाह दी गई है। उन्होंने बताया कि यह किताब सभी वर्ग के लिए जरूरी है, जिससे हमारा स्वस्थ ठीक रहे। दोनों ही किताबों की डिमांड है।

# अब संसदीय सचिव और निगम, मंडल, आयोग में बची कुर्सियों पर नजरें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की नई कार्यकारिणी के ऐलान के बाद अब जहां विधायकों की नजरें संसदीय सचिवों के पदों पर हैं, वहीं निगम, मंडल और आयोग में बचे पदों को लेकर भी भाजपा नेता इंतजार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के विदेश प्रवास से लौटने के बाद इन पर अगले माह नियुक्तियां होने की संभावना है।

## सीएम विष्णुदेव साय के विदेश प्रवास से लौटने के बाद अगले माह नियुक्तियां होने की संभावना

### इनमें नियुक्ति अभी बाकी

जिन निगम, मंडलों में अभी नियुक्ति बाकी है उनमें मार्कफेड, लघु वनोपज सहकारी संघ, फिल्म विकास निगम, मत्स्य महासंघ, हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ, सिंधी अकादमी और सहकारी संघ शामिल हैं। इसी के साथ पांच जिलों के सहकारी केंद्रीय बैंक और चार शक्कर कारखानों में भी अध्यक्ष की नियुक्ति की जानी है। इसके अलावा रायपुर विकास प्राधिकरण, गृह निर्माण मंडल जैसे निगम, मंडलों में उपाध्यक्षों के साथ सदस्यों के पद भी खाली हैं। इनकी संख्या भी डेढ़ दर्जन से ज्यादा है। इनमें भी नियुक्ति को लेकर प्रदेश सरकार का प्रदेश संगठन के प्रदेश और राष्ट्रीय नेताओं के साथ मंथन हो चुका है। संभावना है कि मुख्यमंत्री श्री साय के विदेश प्रवास से लौटने के बाद इनमें नियुक्तियां हो सकती हैं।



### संसदीय सचिवों की नियुक्ति भी होगी

प्रदेश में भाजपा सरकार के मंत्रिमंडल का लंबे इंतजार के बाद मुख्यमंत्री श्री साय के विदेश प्रवास पर जाने से पहले विस्तार हो गया है। प्रदेश सरकार ने तीन नए मंत्री बनाए हैं। मंत्रिमंडल में जिनको स्थान नहीं मिल सका है, उन नए विधायकों की नजरें अब संसदीय सचिवों के पदों पर हैं। संसदीय सचिवों को लेकर भी मुख्यमंत्री श्री साय का राष्ट्रीय नेताओं के साथ मंथन हो चुका है। संभावना है कि उनके विदेश प्रवास से लौटने के बाद संसदीय सचिवों के पद पर भी नियुक्तियां हो सकती हैं।

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद करीब सवा साल बाद प्रदेश सरकार ने 34 निगम, मंडलों के 36 पदों पर भाजपा नेताओं की नियुक्तियां अप्रैल में की। इनमें से आधा दर्जन नेताओं के पदों पर पेंच भी फंसा गया था, ऐसे में इनका पदभार संभालना मुश्किल हो गया, तो अततः प्रदेश सरकार ने इनको दूसरे निगम, मंडल में कुर्सी देने का काम किया है। इसके बाद एक केश शिल्पी बोर्ड की अध्यक्ष मोना सेन को छोड़कर सभी ने पदभार भी संभाल लिया है।

---

## 6 मंजिला व्यावसायिक परिसर बनेगा, रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर होगा काम

# नवीन बाजार की सीमांकन रिपोर्ट मिली रीडेवलपमेंट प्लान हो रहा तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के फूल चौक स्थित पांच दशक पुराने नवीन मार्केट को तोड़कर 6 मंजिला व्यावसायिक परिसर बनाया जाएगा। निगम मुख्यालय और जोन 4 की टीम द्वारा हाल ही में नवीन मार्केट का सर्वे कराया गया। इसकी सीमांकन रिपोर्ट तहसील से नगर निगम को मिल गई है। यह जमीन सीमांकन के बाद 4.5 एकड़ निकली है। निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर योजना शाखा द्वारा इसका रीडेवलपमेंट प्लान तैयार कराया जा रहा है। वर्तमान में 2 एकड़ भूमि में दुकानें बनी हैं, जिसमें नगर निगम को हर साल राजस्व मिलता है, पर बाकी जगह पर कब्जा कर अवैध रूप से मकान व दुकानें बना ली गई हैं। रिपोर्ट आने के बाद अब नवीन मार्केट के रीडेवलपमेंट प्लान पर काम शुरू होगा। निगम ने इसके लिए आर्किटेक्ट भी फाइनल कर लिया है।

- आर्किटेक्ट फाइनल, 35 करोड़ का प्रोजेक्ट

शहर के प्राइम लोकेशन पर स्थित 50 साल पुराना नवीन मार्केट टूटेगा। इसके लिए रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर रीडेवलपमेंट का प्लान तैयार किया जा रहा है। वर्तमान में निगम के आधिपत्य वाले नवीन बाजार की ढाई एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा है। इसे देखते हुए महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नवीन मार्केट का सीमांकन कराया गया। सीमांकन रिपोर्ट तहसील से प्राप्त हो गई है। अब योजना शाखा के माध्यम से डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार की गई है। इसके मुताबिक नवीन मार्केट की जमीन पर 6 मंजिला व्यावसायिक परिसर बनेगा। यह परिसर पंडरी जैसा व्यावसायिक परिसर रहेगा। नए प्लान के दायरे में सभी पुराने निर्माण को तोड़कर अपने आधिपत्य की पूरी जमीन नगर निगम कब्जे में लेगा। नया निर्माण होने पर मार्केट का दायरा दोगुना हो जाएगा।



### पुराने बाजार का होगा कायाकल्प, राजस्व बढ़ेगा

35 करोड़ के इस प्रोजेक्ट की ड्राइंग डिजाइन तैयार कराने नगर निगम ने आर्किटेक्ट फाइनल कर लिया है। इस पूरे प्रोजेक्ट के लिए कंसलटेंट नियुक्त करने जल्द ऑनलाइन टेंडर किया जाएगा। पुराने नवीन बाजार को आधुनिक व्यावसायिक परिसर का स्वरूप दिया जाएगा। इससे बाजार की सुंदरता बढ़ेगी और कैंपस में हर सेक्टर के लिए बड़ा बाजार उपलब्ध होगा। नवीन बाजार में सालों से व्यवसाय कर रहे पुराने व्यवसायिओं को व्यवस्थापन के तहत नियम अनुसार दुकानें आवंटित की जाएंगी। वहीं बची हुई दुकानों को नगर निगम सेल आउट करेगा। नए परिसर से निगम के राजस्व में अतिरिक्त वृद्धि होगी।

### नए स्वरूप में होगा नवीन बाजार, राजस्व बढ़ेगा

नवीन बाजार को नया स्वरूप देने रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर काम कराया जाएगा। इसके लिए रीडेवलपमेंट प्लान बनाया गया है। सीमांकन रिपोर्ट मिल गई है। योजना शाखा द्वारा कंसलटेंट नियुक्त करने ऑनलाइन टेंडर जल्द किया जाएगा।

*- **मीनल चौबे**, महापौर, ननि रायपुर*

### पार्किंग के लिए मिलेगी पर्याप्त जगह, रोड भी चौड़ी होगी

नवीन बाजार में सबसे बड़ी समस्या पार्किंग और सार्वजिनक प्रसाधन की रही है। प्लान के मुताबिक आधुनिक परियोजना के तहत नए परिसर का निर्माण करते समय दुकानों के हिसाब से वाहनों की पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह रखी जाएगी। वहीं अवैध कब्जा हटाने के बाद यह सड़क पहले से और ज्यादा चौड़ी नजर आएगी। इससे फायदा ये होगा कि एमजी रोड, शारदा चौक और बंजारी रोड की तरफ योजना के मुताबिक नवीन मार्केट के पुनर्विकास से यह क्षेत्र नए व्यावसायिक परिसर के रूप में नजर आएगा।

---

# कुपोषण मुक्ति के लिए 29 से स्वास्थ्य विभाग का शिशु संरक्षण माह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कुपोषण की समस्या से मुक्ति के लिए विभिन्न चरणों में अभियान चलाने वाला स्वास्थ्य विभाग 29 से शिशु संरक्षण माह मनाएगा। इस दौरान पांच साल तक के बच्चों को चिन्हित कर विटामिन-ए की खुराक दी जाएगी। इसके अलावा जांच में किसी बच्चे को कुपोषित पाया जाता है, तो उसे एनआरसी में भर्ती कर आवश्यक इलाज की सुविधा दी जाएगी।

- पांच साल तक के बच्चों को दी जाएगी विटामिन-ए की खुराक

स्वास्थ्य विभाग कुषोषित बच्चों को चिन्हित कर उन्हें विशेष अवधि में उपचार के साथ पौष्टिक भोजन प्रदान कर स्वस्थ बनाने का प्रयास कर रहा है। इसके तहत पिछले दिनों अस्थायी एनआरसी सेंटर खोलकर अस्वस्थ बच्चों का इलाज किया गया था। इस अभियान के तहत 29 अगस्त से 30 सितंबर के बीच शिशु संरक्षण माह मनाएगा। इसमें 9 माह से 5 साल तक के बच्चे को विटामिन-ए की खुराक तथा 06 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को आयरन सीरप की एक बोतल सप्ताह में दो बार पिलाए जाने के लिए वितरित किया जावेगा। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. श्वेता सोनवानी ने बताया कि सत्र स्थल में वजन करने की मशीन उपलब्ध होगी, ताकि कुपोषित बच्चों को चिन्हित किया जा सके। साथ ही हिमोग्लोबिन जॉच की भी व्यवस्था की गई है। जांच में कुपोषित मिलने वाले बच्चे को एनआरसी में भर्ती किया जाएगा।



कलेक्टर गौरव सिंह द्वारा अभियान के दौरान तमाम दवाओं सहित अन्य संसाधनों की पर्याप्त व्यवस्था की जाए।

### 00 2.29 लाख का लक्ष्य

विटामिन-ए और आयरन का सिरप वितरित करने क्रमशः 229435 एवं 242931 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जनवरी-फरवरी के अभियान में शत-प्रतिशत लक्ष्य को पूरा किया गया था। जिले के शत-प्रतिशत बच्चों को विटामिन-ए एवं आयरन सिरफ प्रदाय किये जाने की मानिटरिंग जिला स्तरीय टीम द्वारा किया जावेगा। शिशु संरक्षण माह की जिला स्तरीय शुरुआत 29 अगस्त को मातृ एवं शिशु अस्पताल कालीबाड़ी से की जाएगी।

### ब्लाक चिकित्सा अधिकारी को निर्देश

अभियान हेतु आवश्यक तैयारियॉ पूर्ण करने निर्देश समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी जिला रायपुर को दिये गये है। मितानिनों के माध्यम से माता-पिता को छोटे बच्चों को शिविर में लाने प्रेरित किया जा रहा है।

*- **डॉ. मिथिलेश चौधरी**, सीएमएचओ रायपुर*

## गड़रिया समाज की विघ्नहर्ता ऑनलाइन चित्रकला स्पर्धा

रायपुर। झाड़े गड़रिया धनगर समाज सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के तत्वावधान में गणेशोत्सव पर्व के अवसर पर समाज के प्रतिभावान बच्चों के कला कौशल को मंच व दिशा प्रदान करने के उद्देश्य से विघ्नहर्ता ऑनलाइन चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कक्षा 5वीं, 6वीं से लेकर कक्षा 12वीं तक के प्रतिभागी गणेशजी पर आधारित चित्र अपने नाम, कक्षा व पते सहित 5 सितंबर तक भेज सकते हैं। इस संबंध में यशोदा धनकर व सुधा बाई धनकर ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज के बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़े रखना इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। साथ ही चयनित चित्र को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

---

## अवंति विहार में जरूरतमंदों को प्रदान की व्हीलचेयर



रायपुर। आकांक्षा इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग एंड एम्पॉवरमेंट रायपुर में एक विशेष संस्थान है, जो बौद्धिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों जैसे ऑटिज्म, डाउन सिंड्रोम, सेरेब्रल पाल्सी से ग्रस्त बच्चों के लिए विश्वस्तरीय, बाधामुक्त शिक्षण वातावरण प्रदान करता है। यह अवंति विहार में स्थित है और इसमें रैंप, लिफ्ट तथा व्हीलचेयर-सुलभ शौचालय जैसी सुविधाएं हैं, जो सभी छात्रों को स्वतंत्र और आत्मविश्वासी बनाने में मदद करती है। संस्था द्वारा सोमवार को मोटिवेशन इंडिया के स्वालंबन योजना के अंतर्गत व्हीलचेयर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मोटिवेशन इंडिया और रंगूनवाला फाउंडेशन के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के माध्यम से लाभान्वित हुए व्हीलचेयर उपयोगकर्ताओं ने खुशी और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहयोग से उनके जीवन में नई ऊर्जा तथा स्वतंत्रता आई है। आकांक्षा इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग एंड एम्पॉवरमेंट एवं मोटिवेशन इंडिया का प्रयास है कि समाज में विशेष जरूरतमंद व्यक्तियों को अधिक से अधिक अवसर और सशक्तिकरण उपलब्ध कराया जा सके। कार्यक्रम में प्रशासन निदेशक साधन नायक, सीओओ नित्यानंद जायसवाल, सहायक प्राध्यापक शीला पिल्लई, मोटिवेशन इंडिया के प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर आकाश सोनकर के अलावा आकांक्षा संस्थान के स्टाफ सदस्य शहजाद बेगम शेख, शशि ठाकुर, दुर्गा मिश्रा एवं पद्मा चक्रधारी आदि उपस्थित थे।

## सरयूपारीण ब्राह्मण समाज भवन में संस्कृत शिक्षक महासम्मेलन 7 को

रायपुर। संस्कृत भारती छत्तीसगढ़ संगठन द्वारा सरयूपारीण ब्राह्मण समाज भवन में 7 सितंबर को संस्कृत शिक्षक महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम संस्कृत भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन तथा संस्कृत के शिक्षकों को हो रही समस्याओं के निराकरण के लिए किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे प्रारंभ होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। यह जानकारी संस्कृत भाषा के प्रचारक पं. चंद्रभूषण शुक्ला ने बताया कि संस्कृत भारती के प्रांतमंत्री डॉ. दादूभाई त्रिपाठी, प्रांत संगठन मंत्री हेमंत साहू, प्रांत विद्वत परिषद प्रमुख डॉ. बहुरण सिंह पटेल एवं प्रांत साहित्य प्रमुख डॉ. प्रवीण झाड़ी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री से मुलाकात कर कार्यक्रम के लिए समय लिया है, जिस पर मुख्यमंत्री ने सहमति दी है।


रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 79871 19756 90981 38778

VASTU LOGO कर सकता है आपके व्यापार में तरक्की
• क्या आपका व्यापार अच्छा नहीं चल रहा ?
• ऑफिस में नकारात्मकता जैसा माहौल है ?
• व्यापार में वृद्धि नहीं हो रही है ?
• कोई भी कार्य सफल नहीं हो रहा है ?
• काम बनते बनते बिगड़ जाता है ?
• ग्राहक से संपर्क टूट रहा है ?
आपके कंपनी के लिए सही अंक या सही रंग का चुनाव आवश्यकता है।
प्रथम मंजिल अशरफ इंग्लिश क्लासेज बिल्डिंग फव्वारा चौक, बैरन बाजार, रायपुर (छ.ग.)
www.snitinnumerological.com info@urbt0111@gmail.com 7000074769

सफलता/ स्वास्थ्य की कूंजी है 'औरा' Energy आभा
कुण्डली | स्वास्थ्य | पूजा पाठ
कुण्डली, 'औरा', पंचतत्व व स्वास्थ्य में एक साथ प्रमाणिक सुधार की अद्भुत विधि
जांच मात्र 300/- ऑनलाइन संभव
समझे बिना कहीं भी अपेक्षित सफलता नहीं मिलेगी
Office- 11 A, Ravi Nagar, Pandri Raipur Astrologywithaura.com you tube :astrology with aura 76919 06755, 98267 09504

UNLIMITED QUALITY FOOD
NEW MENU EVERY DAY
MONDAY TO FRIDAY 12:00 PM TO 3:30 PM
DELICIOUS THAALI STARTING 21TH JULY 2025
₹299/- ONLY
White Bowl, Hotel Allnear Rishabh Complex MG Rd. Raipur, Mob.: 9171500051,9171500052

SHREEJI INN HOTEL & RESTAURANT
BANQUET HALL | ROOMS | CAFE & RESTAURANT
WE ORAGANISE : •CORPORATE EVENTS •KITTY PARTY •MARRIAGE FUNCTIONS •BIRTHDAY PARTY & MORE...
AMPLE NUMBER OF CAR PARKING SPACE - (150+CAR PARK AT A TIME)
FOR SMALL FUNCTIONS BANQUET HALL CAP : 30-200 PAX
BOOKING NOW +91 9329744444 FOLLOW US facebook Instagram
Ring Road No. 1, Infront of Shyam Petrol Pump, Near Kushalpur Chowk, Raipur

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755 गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर वाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS Pumping trust. Worldwide.
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

जय श्री कृष्णा
अंकित बाउण्ड्रीवाल
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेंसिंग करवाने हेतु संपर्क करें
व्ही.आई.पी. रोड, रायपुर, मो. 98279-59655

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई | कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर | रूई गद्दा | टावेल | तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रूई भंडार | निराकांरी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर 9827976266, 7987918262

